Today we are implementing schemes that will benefit the rural poor especially the deprived classes like the SC/ST people. Welfare measures like housing are being taken up to benefit people tormented by poverty. Sanitation facilities are provided in the form of latrines. But I am afraid the implementation of such schemes are not properly

monitored. Hence I urge upon the Government to evolve suitable monitoring mechanisms ensuring the participation and active role of Members of Parliament, the elected representatives of the people. Such monitoring Committees with people's representatives will help plug the loopholes and justify further release of funds to such Central schemes that are left with the State Governments for implementation as constitutional scheme of things.

Land Reforms Bill is another need of the hour to ensure betterment in the lives of the rural poor. Tillers of the soil must get rights to own the lands they cultivate. Mahatma Gandhiji said, "land to the tillers and land to the farmers". Those who hold the ploughshare and cultivate the fields must get the land rights. A uniform land reforms Bill is still not in sight. Hence I urge upon this Government to take up land reforms and provide opportunities to the poor agricultural workers to meet with prosperity.

With this I conclude my speech.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Bachi Singh Rawat 'Bachda' - not present.

Shri Bapu Hari Chaure. Take only four or five minutes. आठ बजे मंत्री जी ने ज़्वाब देना है।

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF DEFENCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI BIJOY HANDIQUE): Up to 8 o'clock the discussion will continue and after that the hon. Minister will give the reply.

**श्री बापू हरी चौरे (धुले) :** उपाध्यक्ष महोद्य, धन्यवाद। महात्मा गांधी जी का सपना था कि ग्रामीण क्षेत्र का विकास होना चाहिए, जिसे नजरअंदाज किया गया।â€¦ (व्यवधान) लेकिन राजीव गांधी जी के सपने को दस्वीं लोक सभा में साकार किया गया।

उपाध्यक्ष महोद्य, दस्वीं लोकसभा के अन्दर पंचायती राज विधेयक पारित करके ज्वाहर रोजगार योजना के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र का विकास करने का सही ढंग से प्रयास किया गया। आगे जाकर सम्पूर्ण ग्रामीण विकास योजना के माध्यम से सुबह होते ही पेट का सवाल जो गरीब लोग लेकर आते हैं, पेट का विाय लेकर, पेट भरने की चिन्ता लेकर आते हैं। चिन्ता और चिता समान होती है, चिन्ता जिन्दा आदमी को जलाती है और चिता मुर्दे को जलाती है। उस गरीब आदमी को दिलासा देने के लिए सम्पूर्ण ग्रामीण विकास योजना के माध्यम से 22,682 करोड़ रुपये का प्रावधान करके सही दिशा में गरीबों को राहत देने का काम इस सरकार ने किया है, इसलिए यह सरकार धन्यवाद की पात्र है।

ग्रामीण विकास को इसमें तीन भागों में बांटा है, ग्रामीण विकास, पेयजल आपूर्ति और भूमि संसाधन विभाग। ग्रामीण विकास के अन्दर जे.आर.वाई, आई.ए.वाई., एस.जी.आर.वाई. और पी.एम.जी.एस.वाई, सम्पूर्ण ग्रामीण विकास के माध्यम से गरीब आदमी को मजदूरी दिलाने का काम और सही ढंग से ग्रामीण विभाग का विकास करने का काम किया है, मगर जो भी उसमें कार्यान्वयन की पद्धति है, जैसे कि जिला पंचायत के माध्यम से इन तीन विभागों से यह काम किया जाता है। जैसे जिला पंचायत, तालुका पंचायत और ग्राम पंचायत। जिला पंचायत को 20 प्रतिशत, तालुका पंचायत को 30 परसेंट और ग्राम पंचायत को 50 परसेंट के माध्यम से यह काम दिया जाता है। जिला पंचायत का जो प्रेसीडेंट है, उसे चेयरमैन बनाया गया है और जिला परिाद का चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर को सचिव बनाया गया है और उसका कार्यान्वयन जिला पंचायत के माध्यम से होता है। मगर इसमें जिला पंचायत के माध्यम से जब काम होता है और जो काम लिए जाते हैं, उनका जिला पंचायत के माध्यम से काम लेते वक्त जिला परिाद के सदस्य और पंचायत समिति के सदस्यों को विश्वास में लेकर काम करना चाहिए, लेकिन ऐसा होता नहीं है। अधिकारी मनमाने ढंग से काम लेते हैं, उनका काम करने का जो ढंग होता है, वह अलग तरीके से होता है, कोई किसी को विश्वास में नहीं लेता। जैसे मेरे निर्वाचन क्षेत्र में, अभी-अभी मैं 10-15 दिन पहले, मेरे चुनाव क्षेत्र में सम्पूर्ण ग्रामीण विकास योजना के माध्यम से जो काम चलाये गये हैं, उनका मैंने परीक्षण किया तो मेरी नजर में यह आया कि बिचौलिये तो नहीं हैं, मगर गांव के कुछ ठेकेदारों के बीच में आपने मजदूरों को पकड़कर वह काम किया जा रहा है। कोई बिचौलिया तो हम नहीं देते हैं, मगर बिचौलियों के नाम से किसी गरीब आदमी को ठेका देकर उनके माध्यम से काम किया जाता है। इसमें मेरा एक सुझाव है कि सम्पूर्ण ग्रामीण विकास योजना के माध्यम से जो काम हो रहा है, जैसे जिला परिाद का या जिला पंचायत का जो प्रेसीडेंट अध्यक्ष होता है तो लोकसभा सदस्य को उपाध्यक्ष बनाया जाये। जो काम चयन किये जाते हैं, उसकी फाइल कम से कम लोकसभा सदस्य को देखने को मिले, ताकि लोकसभा सदस्य को सम्पूर्ण ग्रामीण विकास योजना के माध्यम से जो भी काम का कार्यान्वयन हो रहा है, उसके बारे में उसे पता चले। जहां तक कलैक्टर का सम्बन्ध है, अभी आपने जो सह नियंत्रण समिति बनाई है, सतर्कता और निगरानी समिति आपने बनाई है, उसका सचिव आपने कलैक्टर को बनाया है और लोक सभा सदस्य को चेयरमैन बनाया है, मगर वह खाली सतर्कता और निगरानी करता है। काम का चुनाव कलैक्टर नहीं करता है, काम का चयन जिला परिाद में चीफ एग्जीक्यूटिव आफिसर और जिला परिाद के चेयरमैन करते हैं। जिला परिाद के प्रेसीडेंट के दो भाग अलग-अलग तरीके के यहां से गये हैं। इसमें मेरा यह सुझाव है कि जो काम का चयन होता है, जो काम लिए जाते हैं, उसमें सांसद का सहभाग होना चाहिए।

निगरानी करने के लिए सांसद को जिम्मेदारी सौंपी गई है किन्तु काम के चुनाव के लिए जिम्मेदारी नहीं सौंपी गई है। पेयजल आपूर्ति करने के लिए जीएसडीए के माध्यम से जगह का चुनाव किया जाता है। कहां कुआं होना चाहिए, इसका चुनाव वे करते हैं, किन्तु वहां पर पानी नहीं मिलता है। मेरा सुझाव है कि सम्पूर्ण ग्रामीण योजना के माध्यम से पहले तालाब बनाना चाहिए तत्पश्चात कुआं बनाना चाहिए। लेकिन पहले कुआं बनाते हैं और बाद में तालाब बनाते हैं। इससे जितना पैसा वहां खर्च होता है, वह बेकार जाता है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में मानिटरिंग की पद्धति बहुत बढ़िया है। तीन प्रकार से उसकी मानिटरिंग होती है। ग्रामीण विकास में डीआरडीए उसकी इम्पलीमेंटेशन अथारिटी है। क्लैक्टर निगरानी समिति का सचिव होता है और जिला परिाद का चीफ एक्ज़ीक्यूटिव आफिसर क्रियान्वयन अधिकारी होता है। किन्तु जो कार्य होता है उसकी क्वालिटी की जिम्मेदारी किसकी होती है? क्या उसकी जिम्मेदारी डीआरडीए या चीफ एक्ज़ीक्यूटिव आफिसर के ऊपर है? जब काम में कोई सुधार नहीं होता है या क्वालिटी अच्छी नहीं होती है तो उसकी जिम्मेदारी कानून के मुताबिक किसके ऊपर होगी? मेरा कहना है कि ठीक ढंग से इनकी जिम्मेदारी क्लैक्टर, सीइओ या डीआरडीए के अधिकारी के ऊपर सौंप दी जाए ताकि जब किसी काम में गलती हो तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके, तभी सम्पूर्ण ग्रामीण विकास योजना का पैसा काम में आ पाएगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Rajiv Ranjan Singh 'Lalan' − not present.

Next Shri Mitrasen Yadav. You have four to five minutes to speak.

**श्री मित्रसेन यादव (फैजाबाद) :** आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका आभारी हूँ। समय की कमी की वजह से ज़्यादा न बोलते हुए सिर्फ कुछ सुझाव ही देना चाहूंगा।

हमारे माननीय मंत्री जी और राज्य मंत्री जी भी यहां पर बैठे है। ग्रामीण विकास के तहत गांव के गरीब आदमी को जिनके हाथ में कोई कारोबार नहीं है, जिनके पास रहने की सुविधा नहीं है, जिनके पास पीने के पानी की सुविधा नहीं है। उन अभावग्रस्त लोगों को पोषित करने का काम इसमें किया गया है। इसीलिए, केन्द्र सरकार ने इन 80 प्रतिशत पोषित योजनाओं को प्रदेश सरकारों को क्रियान्वयन के लिए दिया है। आज देखने में आ रहा है और पूरे सदन की जो भावना निकल के आयी है, उससे माननीय मंत्री जी और सरकार भी सहमत होगी कि केन्द्र सरकार की जो पोषित योजनाएं हैं और जो धनराशि दी जा रही है, उसका दुरूपयोग हो रहा है। यहां तक कि भारत सरकार की गाइडलाइन का भी दुरूपयोग किया जा रहा है। हम लोगों को निगरानी और सतर्कता समिति का चैयमैन बनाया गया है। किन्तु जिन गांवों में या क्षेत्रों में इन्दिरा आवास के लिए चयन किया गया है, उन्हीं का दोबारा और तिबारा चयन किया गया है। इन योजनाओं की गाइडलाइन के तहत, साठ प्रतिशत अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए तीन प्रतिशत फलां के लिए और शेष में गरीबी रेखा के नीचे रहने वालों को आवास दिया जाएगा। मेरा आपसे निवेदन है कि जितनी योजनाओं में भारत सरकार 80 प्रतिशत पैसा दे रही है और जिन योजनाओं में सरकार का शत-प्रतिशत पैसा है, उनमें केन्द्र सरकार द्वारा सांसदों की कम से कम 50 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की जाए। बगैर उन सांसदों की निगरानी के ऐसी योजनाओं को लागू न होने दिया जाए। मान लीजिए एक जिले में हर विधायक को दो सौ हैण्डपम्प दिए गए हैं और उस जिले में पांच विधानसभाएं आती है और 1200 हैण्डपम्प हैं।

हम मंत्री जी से कहना चाहेंगे कि कम से कम सांसदों को एक हजार हैंडपम्प अपने लोक सभा क्षेत्र में लगाने का कोटा निश्चित किया जाए। इसी तरह इंदिरा आवास का भी कोटा निश्चित किया जाए।

हिन्दुस्तान में जो पिछड़े जनपद हैं, उनको कई करोड़ रुपये का खाद्यान देकर आपने लोगों के लिए काम के बदले अनाज देने की योजना लागू की है। मैं आपको एक मिसाल देता हूं। उत्तर प्रदेश में बाराबंकी जनपद की सतर्कता समिति के चेयरमैन श्री बेनी प्रसाद वर्मा हैं। उस समिति की आज तक कोई बैठक नहीं हुई। 27 करोड़ रुपये में से केवल 2 करोड़ रुपये ही खर्च किये गये तथा बाकी 25 करोड़ रुपये बंदरबाट किये गये। मेरा कहना है कि कृषि मंत्री जी ने जिस प्रकार कुछ जनपदों को जांच करने के लिए सुनिश्चित किया है, उसी प्रकार ग्रामीण विकास मंत्रालय और भारत सरकार को कुछ जनपदों को सुनिश्चित करना चाहिए कि आपकी ग्रामीण विकास योजनाओं की क्या दुर्दशा हो रही है और वे किस तरीके से लागू की जा रही हैं। हमारा भारत सरकार और गृह मंत्रालय को सुझाव है कि गांव के विकास के लिए, गरीबों को रोजगार देने के लिए, काम के बदले अनाज देने के लिए, उनको रोटी देने के लिए, उनके आवास के लिए, उनको पानी की सुविधा देने के लिए अगर योजनाओं का इतना दुरुपयोग हो रहा है तो सुनिश्चित करके कुछ जनपदों की जांच करानी चाहिए तथा निगरानी और सतर्कता समिति को अपने बजट के लिहाज से, पूरी ताकत से उसमें भागीदारी सुनिश्चित करने की कार्यवाही पूरी करनी चाहिए।

स्वच्छता योजना का बहुत दुरुपयोग हो रहा है। आप या तो उसे व्यक्तिगत रूप से लोगों को दीजिए या सामूहिक रूप से लागू करें। यदि सामूहिक रूप से लागू करें तो गांव में जो स्वच्छ शौचालय बनाये जायें, जब तक उनकी सफाई करने के लिए कोई कर्मचारी नहीं होगा, देख-रेख के लिए कोई आदमी नहीं होगा तब तक उसका दुरुपयोग होता रहेगा। उसके बाद अगर निजी लोगों को सुविधा देने की बात है, तो चार-पांच हजार रुपये से कम में कोई शौचालय नहीं बनता। इसलिए आप या तो पूरी धनराशि दें या सुलभ शौचालय सामूहिक रूप से उपलब्ध करायें लेकिन तमाशा न कीजिए, योजनाओं का खिलवाड़ न कीजिए। जनपदों में उसके पीछे बंदरबाट न हो, कम से कम इसे रोका जाना चाहिए।

बहुत से लोगों के हाथों में काम नहीं है। आपने जो भूमि सुधार लागू किया, वह कहीं लागू नहीं हुआ है। नयी जमीन को सुधार कर गरीबों में बांटने की जो योजना है, उसका भी कहीं लाभ नहीं मिल रहा है। आपकी इतनी ग्रामीण योजनायें हैं, जिनकी हमें पूरी तरह से जानकारी नहीं है। हमारा निवेदन है कि कुछ योजनायें ऐसी हैं जो हम निहत्थे लोगों को दे सकते हैं। डेयरी, फिशरीज, पिगरीज, गाय पालन, मुर्गी पालन और बकरी पालन आदि तमाम ऐसी योजनाएं हैं जिनके अन्तर्गत निहत्थे लोगों को ग्रामीण विकास योजनाओं से पोषित कर लाभान्वित कर सकते हैं। आप जिन लोगों को जमीन नहीं दे पा रहे हैं, गांव में रहने वाले लोग या तो दूसरों के यहां मजदूरी करें या उनके पास खेत हों तो वे अपने खेत में काम करें, इसके अलावा गांव में कोई उद्योग नहीं है। इसलिए ग्रामीण क्षेत्रों में जो स्व रोजगार योजना चलाई गयी है, उसे बढ़ाने की कोशिश करें और साथ-साथ उनको स्थायी रोजगार देने के लिए गाय पालन, बकरी पालन, सुअर पालन या और कई योजनाएं हो सकती हैं, इन पर लोगों को कन्सन्ट्रेट किया जाये जिससे भूमिहीन लोग लाभान्वित हो। हमारी मांग है तथा भारत सरकार और ग्रामीण मंत्रालय को सुझाव है कि जो पैसा ग्रामीण विकास के लिए आप देते हैं, उसमें पूरी भागीदारी, सतर्कता और निगरानी समिति को सौंपे और कोटा भी निश्चित करें। आवास का कोटा, हैंडपम्प का कोटा आदि तमाम कोटे कम से कम सदस्यों के जरिये लोगों को दिये जायें।

इन्हीं सुझावों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

*SHRI M. SHIVANNA (CHAMARAJANAGAR): Mr Deputy Speaker Sir, I thank you for permitting me to speak on the Demands for Grants pertaining to the Ministry of Rural Development for the year 2004-05. My thanks are also due to the hon. Minister for his sincere efforts to ameliorate the problems and to improve lives of the rural people.

India lives in villages. But unfortunately illiteracy, disease, poverty and other maladies have engulfed the rural masses. Unemployment in the rural area is rampant. Many villagers particularly in Karnataka have made it a habit to migrate every year in search of jobs. Now, it is high time for the Centre to find out a permanent solution for the poverty especially in remote villages.

The Antyodaya Anna Yojana will continue and is proposed to be expanded. At present 1.5 crore families are covered. They get food grains at cheaper rates. The Centre propose to enact a new law, a new food for work programme is proposed to be launched in 150 districts classified as most backward and identified as areas in immediate need of such a programme. I hope at least ten districts from Karnataka will find their places in this list of most backward districts. My constituency is one of the most backward districts in the country and it should get all the support by the Centre and then only the villagers can survive.

Boosting agricultural growth through diversification and development of agro-processing is one of the objectives of the National Common Minimum Programme (NCMP). The Prime Minister in his address to the nation on June 24, 2004 promised "new deal" for rural India. This new deal is not only essential for rural development and welfare but

also essential for achieving sustained over all annual growth of 7-8 % and generating employment. The flow of agricultural credit is intended to be doubled in 3 years.

---

* Translation of the speech originally delivered in Kannada.

Indira Awas Yojana (IAY) has been the main instrument to provide housing to SC/STs as well as to the non SC/ST rural poor. A subsidy of upto Rs 10,000 and loan upto Rs 40,000 is provided to eligible households. The total allocation is proposed to be raised to Rs 2,247 crore. Sir, through you I request the hon. Prime Minister and the hon. Minister of Rural Development to increase this amount to at least Rs 3000 crore.

There is abundant milk production in my constituency. Now, this milk is being sent to Mysore and Bangalore. This very old system of milk trade should change. The farmers are not getting support price for their milk which they produce by working very hard. Hence there is urgency to produce milk powder, milk ice cream and other milk products. A number of modern machines are needed for this. In my constituency we have only one chilling centre. This is not enough. Milk product producing factory with all the modern machines must be set up in my constituency without any further delay.

Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) is another important programme of the Centre for the rural people. These roads can link all the remote villages and that would enable and encourage marketing trade, business, education and other activities in the villages.

It is unfortunate that even after 57 years of our independence the villages do not have proper toilet facilities. This is a very problematic issue particularly for girls and women.

The Centre has another progressive programme Swajala Dhara through Panchat Raj. This is a very important programme because there is acute shortage of drinking water in Karnataka as it is facing drought situation throughout the State for the last 4 consecutive years. We have dug the ground 400 to 500 feet deep to get water. This is the serious situation. Hence Swajaladhara programme should be given top priority.

Neither there is Sainik school nor a Central school in my constituency Chamarajanagar. I therefore request the Centre to set up one Central school there immediately.

Another important issue is the involvement of MPs in these programmes. The State officials always neglect the MPs. In fact while printing the names in the invitation cards for various programmes our names appear after MLAs and MLCs. Sometimes the local officials like Tahasildar, District Commissioner, etc. will hoist the flag without bothering to invite the local MP. The Centre should take immediate steps in this regard and see that local MPs are involved in all the programmes and functions.

With these words, Sir, I thank you and conclude my speech.

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर)** : उपाध्यक्ष महोदय, मैं ग्रामीण विकास की जो सप्लीमेंट्री डिमांड्स हैं, उनका समर्थन करने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं। जो अपनी यूपीए की सरकार है, इसने ग्रामीण विकास के लिए बहुत सारी योजनाएं हाथ में ले ली हैं। एनडीए के 6 साल में ग्रामीण इलाके का विकास नहीं हुआ है। उससे भी ज्यादा विकास करने का हमारा संकल्प है क्योंकि गांवों का विकास नहीं होगा तो देश का विकास कैसे होगा ? गावों के लिए बिजली नहीं मिलेगी तो हमारी सत्ता की गाड़ी कैसे आगे बढ़ेगी ? लोगों की मदद करने के लिए हमारी सरकार सत्ता में आई है लेकिन एक साल में पूरा विकास होना मुश्किल है लेकिन इसके बावजूद भी हमारा कहना यह है कि गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले जितने लोग हैं, सन् 2001 में गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के मुताबिक 26 प्रतिशत बीपीएल में लोग हैं लेकिन वर्ल्ड बैंक के सर्वे के अनुसार 43 प्रतिशत लोग बीपीएल में हैं। इनके नॉर्म्स को थोड़ा बदलने की आवश्यकता है।

एस.सी. और एस.टी के समाज में बीपीएल के जो लोग हैं, दूसरी जाति के लोगों में भी गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले काफी लोग हैं, इसलिए जो भी गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोग हैं, उनकी हमें ज्यादा से ज्यादा मदद करनी चाहिए। बीपीएल के लोगों को अगर ऊपर उठाना है तो बीपीएल की संख्या को नीचे लाने की स्कीम सरकार को बनानी चाहिए। हम सब बातें करते हैं लेकिन सही मायने में यदि गरीबी को हटाना है तो जमीन का बंटवारा, भूमि का आबंटन किया जाना चाहिए। गांवों में जिस भी जाति के जो भूमिहीन लोग हैं चाहे वे किसी भी जाति के लोग हैं, मेरी मांग है कि हरेक फैमिली के पास 5 एकड़ जमीन होनी चाहिए और उसके लिए भारत सरकार को एक कमीशन बनाने की आवश्यकता है। हरेक आदमी को जिसके पास 50 एकड़ जमीन है, अच्छी बात है लेकिन जिसके पास कोई जमीन नहीं है, ऐसे लोगों को जमीन देने का प्रोग्राम सरकार को बनाने की आवश्यकता है। इसलिए हमारी सरकार को संकल्प करना चाहिए कि आने वाले 5 वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या कम करने की कोशिश सरकार को करनी चाहिए और बीपीएल के लोगों की शिकायत यह है कि गांवों के विकास की लिस्ट में जिन लोगों का नाम होना चाहिए, ऐसे कई लोग लिस्ट से बाहर हैं। इसीलिए बीपीएल का जो सर्वे है, उसका भी सर्वे होना चाहिए और बीपीएल के जो लोग हैं, ऐसे लोगों को सुविधा मिलनी चाहिए। जहां तक इंदिरा आवास योजना का सवाल है, इसके अन्तर्गत काफी मकान बनाने का संकल्प इस सरकार ने किया है लेकिन उसके लिए अच्छी स्कीम बनाने की आवश्यकता है। कपार्ड की स्कीम है और बाल्मीकि अम्बेडकर योजना भी है। एस.सी. और एस.टी. के लोगों के लिए मकान बने हैं लेकिन आजादी के इतने साल बीतने के बाद भी बीपीएल के जो लोग हैं, उनके पास मकान नहीं हैं। झुग्गी-झोंपड़ी में रहने वाले लोगों को मकान देने की जिम्मेदारी हमारी सरकार की है और हमारी सरकार अच्छी है, दोनों मंत्री भी अच्छे हैं, प्रधान मंत्री साहब भी अच्छे हैं लेकिन अच्छा बोलने से फायदा नहीं है, उनको अच्छा बनने की आवश्यकता है। सही मायने में बीपीएल के लोगों की सरकार को मदद करनी चाहिए।

श्री रघुवंश प्रसाद जी आप बहुत सक्षम मंत्री हैं, लेकिन लोगों को ज्यादा से ज्यादा पैसे देने की जरूरत है। स्कीमों को लागू करने में जो भ्रष्टाचार हो रहा है, उसे भी रोकने की जरूरत है ताकि स्कीम के लिए आवंटित पैसा सही काम के लिए खर्च हो सके। ग्रामीण इलाकों में सड़क बनाने की आवश्यकता है, रेल-लाइनों की आवश्यकता है, महिलाओं के लिए शौचालय बनाए जाने की आवश्यकता है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इसके लिए एक व्यापक सर्वे करवाकर, अपने आने वाले पांच सालों के लिए अच्छा काम करने के लिए स्कीमें बनाएं अन्यथा हमारी हालत भी विपक्ष की तरह हो जाएगी। वैसे हम आपके साथ हैं इसलिए आपकी उनके जैसी हालत नहीं होगी।

**उपाध्यक्ष महोदय :** अठावले जी, ठीक है, आपकी सलाह मंत्री जी ने मान ली है। Now, nothing will go on record.

*(Interruptions)* â€¦*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, Shri Ravinder Naik Dharavath will speak. You give you suggestions in only three minutes.

**श्री रविन्दर नाइक धारावत (वारंगल) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं कुछ ठोस कार्यक्रमों पर सुझाव देना चाहता हूँ इसलिए कम से कम पांच मिनट तो मिलना ही चाहिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: No. You may speak only for three minutes. मुझे हर हाल में 8 बजे मंत्री जी से रिप्लाई के लिए रिक्वेस्ट करनी है।

---

* Not Recorded.

**श्री रविन्दर नाइक धारावत :** उपाध्यक्ष जी, हमारी आजादी के 57 साल पूरे हो रहे हैं। हमारी सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए कुछ कदम उठा रही है, लेकिन उन स्कीमों और उनके लाभों को जिन लोगों तक पहुंचना चाहिए, वे सुविधाएं उन लोगों तक नहीं पहुंच पा रही हैं। ऐसे लोगों में एससी, एसटी और पिछड़े वर्गों के लोग शामिल हैं। मैं तेलंगाना राष्ट्रीय समिति पार्टी की तरफ से यहाँ आपके सामने उन तथ्यों को रखना चाहता हूँ जो कि पिछले 57 सालों में सरकार के सामने नहीं आ सके हैं। मैं केवल खानापूर्ति करने के लिए नहीं बोल रहा हूँ, मैं इन विसंगतियों को सरकार के सामने लाना चाहता हूँ। हमारे ग्रामीण विकास मंत्री जी यहाँ बैठे हुए हैं। इस देश में आदिवासी और एससी लोगों की जो बस्तियाँ हैं, जो बंजारा बस्तियाँ हैं, वहाँ सड़क, बिजली, पानी आदि जैसी आधारभूत सुविधाओं का अभाव है। आज हमारे देश में बंजारा समाज कई भागों में बंटा हुआ है और देश में लगभग एक लाख बंजारा ताण्डा हैं जो इस प्रकार की कमी से जूझ रहे हैं। मैं इसके लिए माननीय मंत्री महोदय से प्रार्थना करना चाहता हूँ। कुछ समय पहले मैंने बंजारा समाज को मकान प्रदान किए जाने के सम्बन्ध में मंत्री महोदय को एक पत्र लिखा था। जिसके उत्तर में उन्होंने कहा था कि हम समाज के नाम पर आपको घर नहीं दे सकते हैं। महोदय, यह एक समाज नहीं है, लेकिन इनको दस-बारह कम्युनिटीज के नाम से बुलाया जाता है। तेलंगाना क्षेत्र में लगभग 10 हजार बंजारा ताण्डा विपरीत परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं, जहाँ पेयजल, बिजली, सड़क और अन्य सुविधओं की उपलब्धता नहीं है। आज देश में जो बंजारा समाज है, जो आदिवासी है, जो तेलंगाना क्षेत्र में अपने छोटे-छोटे बच्चों को बेचने के लिए मजबूर हैं। यह हालत है इन बंजारा समाजों की।

आज आप रोजगार देने की बात करते हैं। रोजगार वहाँ दिया जाना चाहिए, जहाँ अशान्ति फैली हुई है। हर साल सरकार करोड़ों-अरबों रूपए शान्ति और लॉ एण्ड आर्डर के नाम पर खर्च करती है। लेकिन मैं आपसे विनती करना चाहता हूँ कि यह लॉ एण्ड आर्डर प्रॉब्लम नहीं है, यह एक आर्थिक और सामाजिक समस्या है। वहाँ पर लोगों को नौकरी देने की व्यवस्था होनी चाहिए, रोजगार दिलाना चाहिए। महोदय, आपके माध्यम से मैं यह सुझाव देना चाहता हूँ कि जो भी बंजारा ताण्डा हैं, उन्हें ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाना चाहिए। आज तक सरकार ने इस पर ध्यान नहीं दिया है। इस सम्बन्ध में मैंने कई राज्य सरकारों को पत्र लिखे हैं। मैं केंद्र सरकार से मांग करता हूँ कि आपकी तरफ से राज्य सरकारों को यह लिखा जाना चाहिए कि इन बंजारा ताण्डों को ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाए। इसी के साथ मैं यह मांग करूंगा कि इन बंजारा ताण्डों के विकास के लिए समयबद्ध कार्यक्रम बनाकर उनके लिए ज्यादा बजट प्रावधान दिए जाएं ताकि इनकी उन्नति हो सके। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

**श्री जोवाकिम बखला (अलीपुरद्वार) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं सबसे पहले आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि आपने मुझे ग्रामीण विकास मंत्रालय की अनुदानों की मांग पर हो रही चर्चा में भाग लेने का मौका प्रदान किया। ग्रामीण विकास एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इसलिए मंत्री महोदय ने इस मंत्रालय की अनुदानों की मांगें यहां रखी हैं, मैं उनका समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

हमारे देश की अधिकांश जनता गांवों में रहती है। इसलिए गांवों का विकास करना हमारा प्रमुख कार्य है। हालांकि बजट भाषण के माध्यम से भी विभिन्न योजनाओं सम्बन्ध में घोषणाएं की जाती हैं, तब हम फूले नहीं समाते हैं और हमें बहुत खुशी होती है। लेकिन जब हम गांव में जाते हैं, वहां हमें असलियत देखने को मिलती है तो उस समय हमारा मन उदास हो जाता है। बहुत सारी योजनाओं की घोषणा यहां से होती है, मैं उनमें और वृद्धि करने की मांग नहीं करना चाहता। लेकिन जिन योजनाओं की घोषणाएं हुई हैं, उन्हें सही तरीके से लागू किया जाए तो हमारे ग्रामीण क्षेत्रों की उन्नति अवश्य सुनिश्चित होगी, ऐसा मेरा विश्वास है। इसलिए जब हम ग्राम की उन्नति की बात करते हैं तो हमें याद करना चाहिए कि गांव के लोगों के लिए शिक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। वहां पीने के पानी की व्यवस्था होनी चाहिए और वहां आने-जाने के लिए रास्तों की व्यवस्था होनी चाहिए। सैल्फ हैल्प ग्रुप के माध्यम से भी हमारे देश में विभिन्न राज्यों में विकास के काम

किए जा रहे हैं। उनकी भूमिका अच्छी है, लेकिन उन्हें प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है, क्योंकि उनमें महिलाओं की संख्या ज्यादा है। हमारे देश की आबादी में करीब आधी जनसंख्या महिलाओं की है। इसलिए उनकी भी देश और गांवों के विकास में साझेदारी होनी चाहिए। इसके लिए उन्हें प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। सैल्फ हैल्प ग्रुप की मदद करने से ही काम चलने वाला नहीं है। उनके साथ बड़ी युवा शक्ति सीडीओ के रूप में, क्लब के रूप में हमारे गांवों में रहती है। उसे भी विकास कार्यों में लगाया जाए और वे भी इसकी चिंता करें तो एक बहुत बड़ी शक्ति हमारे देश और गांवों को मिल सकेगी। इससे गांवों का और पिछड़े इलाकों का विकास सम्भव हो सकता है। जब उनका सहयोग हमें मिलेगा, तो उसके लिए नेटवर्किंग की आवश्यकता है। जितने भी सैल्फ हैल्प ग्रुप्स, जितने भी एनजीओज़ और क्लब हैं, उनके सदस्यों को आप नेटवर्किंग के माध्यम से एक जगह लाएं। उनकी निगरानी से जिन योजनाओं की घोाणा आप करते हैं, उन्हें सही-सही स्वरूप दिया जा रहा है या नहीं, सही काम गांवों में हो रहा है या नहीं, इसकी देखरेख हम उनके माध्यम से कर सकते हैं। इन्हीं सुझावों के साथ मैं अपना छोटा सा भााण यहीं समाप्त करता हूं।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Dr.Vallabhbhai Kathiria -- not present.

Dr. Arun Kumar Sarma.

DR. ARUN KUMAR SARMA (LAKHIMPUR): Mr. Deputy-Speaker, Sir, I thank you for allowing me to participate in this discussion on the Demands for Grants of the Ministry of Rural Development. I largely associate with the other hon. Members who mentioned that the elected representatives, namely, the MPs, MLAs, and Members of the *Zila Parishads* and *Panchayats* are not consulted or taken into confidence while finalising the development schemes. This practice is prevailing all over the country. This complaint has to be solved by an amendment of the rules, which are involved in this issue.

As regards discrepancy in implementation of the rural development schemes in Assam, it is my experience that an amount of Rs. 25,000 crore given for the Indira Awas Yojana (IAY) houses in the inaccessible and remote hilly areas is not really logical. I feel that a minimum of Rs. 50,000 crore should be made available for the IAY houses. Otherwise, it becomes a meaningless scheme. I am saying this because it takes more than Rs. 10,000 to transport the housing materials to some of these inaccessible areas. Hence, it is not a very practical work. I hope that the hon. Minister will definitely consider on this particular issue.

Secondly, the hon. Minister -- we are having a very learned and educated Minister -- evaluated the implementation of various rural development schemes in Assam. The implementation is very poor. One of the reasons, which I have found out, is the late sanction of the second instalment by the Central Government. The first instalment goes on time, but the second instalment is sent only in the month of March because the State Government cannot release its share on time. In Assam, the rains start in the month of March itself, and the working months in Assam are not more than five. Therefore, the Rural Development Ministry should tie up with the Finance Department and request the Planning Commission to cut the State's share at the national level itself; it should not be left to the State Governments to release their share.

There is another discrepancy in the implementation of rural development schemes. In Assam, though the rice component under the SGRY Scheme was sanctioned in 2001, it is yet to be released by the FCI to the district headquarters concerned. Lakhimpur and Damoji districts in Assam are considered to be among the most backward districts in India. These two districts have also been selected for the implementation of 'National Food for Work Programme' where the rice component is 75 per cent. Right from 2001 till today, rice under SGRY Scheme has not been delivered by the FCI to these two districts. In such a scenario, how far this 'National Food for Work Programme' will be implemented? I would request the hon. Minister to take stock of this particular problem being faced by these two districts and to ensure that rice is delivered by the FCI on time at the local destinations of the district headquarters concerned.

The hon. Minister may look into the problems being faced by the Self-Help Groups in the implementation of SGSY and other infrastructural problems. Most of the banks which are the lead banks, mainly the UBI which has been designated as a lead bank, have largely failed in fulfilling their obligations. There should be a total review to see which are the banks which have not been complying with the requirements, and they should be blacklisted, and that work should be allotted to another bank. Otherwise, these schemes, in the name of employment creation and in the name of infrastructure development, have become farce as nothing is being generated at the ground level.

Sending of rice is a temporary solution for the unemployment problem, and it is being done at the cost of productivity and work culture. If there is a surplus in certain States, that surplus is being sent to other States. This way, the economic situation of the farmers in those areas is not being helped. They are not actually given any employment. This dumping of surplus rice from one State to another is nothing but a spoon-feeding system. There should be a clear demarcation, so far as these SGRY and National Food for Work Programmes are concerned. The cash component should be at least 75 per cent in case of backward areas.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record now. I now give the floor to Shri Madhu Goud Yaskhi.

*(Interruptions)* â€¦*

* Not Recorded.

SHRI MADHU GOUD YASKHI (NIZAMABAD): Mr. Deputy-Speaker, Sir, when we are discussing the second most important Demands for Grants, that is, the Demands for Grants of the Ministry of Rural Development, after discussing the Demands for Grants of the Ministry of Agriculture, it is very unfortunate that the Opposition is not here.

As the villages are heart of the nation, the UPA Government has rightly given the thrust and priority to rural development and rural prosperity by making various programmes of the Central Government more sensible and implementable.

Mr. Deputy-Speaker, Sir, I would like to mention that contrary to the tall claims made by the NDA Government in the past five years, the recent India Development Report spells out the state of food security of the poor, which is a very paltry figure.

Per capita availability of pulses has come down. ...(*Interruptions*)

**उपाध्यक्ष महोदय :** अगर माननीय सदस्य सहमत हों तो हाऊस का समय आधा घंटा बढ़ा दें ।

**संसदीय कार्य मंत्री तथा शहरी विकास मंत्री (श्री गुलाम नबी आज़ाद) :** आप आधा घंटा समय बढ़ा दीजिए फिर मंत्री जी ज्वाब दे देंगे ।

**अनेक माननीय सदस्य :** जी हां, समय बढ़ा दीजिए ।

**उपाध्यक्ष महोदय :** सदन का समय आधा घंटा बढ़ाया जाता है ।

SHRI MADHU GOUD YASKHI : During 1999-2003, availability of pulses had come down from 36.5 kilograms to 28.2 kilograms. In the same period, 47 per cent of children in India were malnourished and 74 per cent were anaemic. Thirty-six per cent of married women in the age group of 15- 49 in rural areas suffer from energy deficiency. Fifty-four per cent in the same age group have no access to education. About 50 per cent of pregnant women suffer from micro-nutrient deficiency.

When 72.21 per cent of one billion people are living in 6.38 lakh villages in India, surely the focus of all efforts must be the villages. It is also disheartening to know that five per cent of the villagers do not have pucca houses; 25 per cent have no safe drinking water; 55 per cent have no electricity in their homes; and 85 per cent have no sanitation facilities.

A look at the budgetary provisions shows that allocation on rural sanitation and safe drinking water does not exceed more than two per cent of the total expenditure. There is a shortage of safe drinking water in many parts of the country, and especially so in my District Nizamabad. Three days ago in my District, a young boy of 21 years was crushed to death by a water tanker when he fell off from it while trying to take out some water. There are 922 villages in Nizamabad district and in most of these villages people walk about two kilometres to fetch water.

Agricultural labourers get a daily wage of Rs.25 to Rs.30 for their whole day's work. They have to send their children to work for additional income. How can we expect them to send their children to school under Sarv Shiksha Abhiyan? Even when somebody thinks of availing of a self-employment programme, there is a problem in getting

financial help from the bank. To release Rs.1 lakh as financial aid, they are demanding the youth to deposit of Rs.50,000. That does not make any sense. I would suggest to the hon. Minister to issue clear instructions to the banks that are implementing self-employment schemes to ensure that the schemes are properly implemented and unemployed youth is in a position to take full benefit of those schemes.

It is also important that the Ministry of Rural Development conduct some educating programmes for the rural youth so that they can take advantage of them and start some small-scale businesses in the villages.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude.

SHRI MADHU GOUD YASKHI : I would like to make one last suggestion to the Ministry. The Government allocation to this sector is not enough, we could also tap the NGOs, NRO's the big industrialists and the banks. They do sponsor different sports and other events and conduct Seminars and other programmes. They can be asked to adopt one or more villages. The Rural Development Ministry can start a Corporation. The said Corporation can frame model guidelines for building houses, providing dirnking water and other sanitation facilities.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please conclude.

SHRI MADHU GOUD YASKHI : Special funds should be allocated to the Districts of Telangana area. When we talk of naxal problem there, the biggest cause for that is unemployment and lack of education. Stress should be laid on providing employment or self-employment opportunities to the youth there.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.

*(Interruptions)* â€¦*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shrimati Bhavana P. Gawali - Not present.

---

* Not Recorded.

**श्री शंखलाल माझी (अकबरपुर)** : महोदय, वर् 2004-05 की ग्रामीण विकास की अनुदान की मांगों पर चर्चा में भाग लेने का आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद देता हूं ।

भारत गांवों में बसता है और भारत की खुशहाली खेत-खलिहानों से गुजरती है, यह हम बहुत दिनों से सुनते आए हैं । काफी दिनों से इस तरह से योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा होती हैं और योजनाएं बनती हैं । हम माननीय मंत्री जी से सिर्फ इतना कहना चाहते हैं जबकि पूर्व वक्ताओं ने बहुत सी बातें कहीं हैं, हम भी दो-तीन बातें कहना चाहते हैं ।

हम रोज़गार को बढ़ावा देना चाहते हैं, स्वंय सहायता समूह द्वारा उत्थान करना चाहते हैं, गांवों का विकास करना चाहते हैं । केन्द्र ने योजनायें बनाई हैं, अगर उन पर गहराई से विचार करेंगे तो मालूम होगा कि जो योजनायें यहां से जाती हैं, जब उनके कार्यान्वयन की स्थिति आती है, गांव के स्वंय सहायता समूह बने हैं, केन्द्र द्वारा भेजा गया पैसा उन्हें मिल रहा है या नहीं? जो पैसा यहां से जाता है, बैंकों में उस पैसे को लेने के लिये कितने चक्कर लगाने पड़ते हैं। जब इस पर विचार होगा, इसके कार्यान्वयन पर अमल किया जायेगा, तभी फैले हुये भ्रटाचार पर रोक लग सकती है, सही लाभार्थी को लाभ मिलेगा और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

उपाध्यक्ष जी, हमारे बहुत से साथियों ने ग्रामीण सड़कों के विकास की बात कही है। यह कार्य (पूरे देश में 3800 से 4300 करोड.) 500 करोड. बजट बढाने मात्र से नही होगा। स्वरोजगार के अवसर देकर, ग्रामीणों को आवास देकर काम के बदले अनाज कार्यक्रम, पेयजल सुविधा देकर प्रदान किये जा सकते हैं जिन्से गांवों का विकास होगा। आज हजारों नौज्वान गांवों से पलायन कर रहे हैं, उनपर रोक लग सकेगी। केवल योजनायें बना देने से काम नहीं चलने वाला है। आज 70 प्रतिशत हमारा हिन्दुस्तान गांवों में बसता है। हमारे गावों के उत्थान के लिये कितनी योजनायें बनाई जा रही हैं? आज उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी निधि का 70 प्रतिशत भाग गांवों के विकास के लिये दिया है। मैं ज्यादा समय न लेकर अपनी बात को गम्भीरता से कहना चाहूंगा कि पूर्वांचल के देवरिया, अम्बेडकर नगर, बस्ती से लेकर बिहार तक के सारे क्षेत्र में प्रतिर्वा बाढ़ आती है जो सभी क्षेत्रों में कहर मचाती है। बाढ़ की रोकथाम के लिये प्रतिर्वा करोड़ों-अरबों रुपया खर्च किया जाता है लेकिन इस सब के बावजूद बाढ़ पर नियंत्रण के लिये कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हो पाती है। गत 56 साल से बाढ़ को रोकने के लिये कई योजनायें बनाई गई है। हमारे जनपद संत

कबीर नगर, अम्बेडकर नगर में हर साल बाढ़ आती है और हर साल इससे जान-माल की भंयकर बरबादी होती है। पिछली बार भी कई गांवों का कटाव हुआ और कई गांवों का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है। मैं समझता हूं कि माननीय मंत्री जी इन परिस्थितियों से भली-भांति परिचित हैं। वर्ष 1998 में भंयकर बाढ़ आई और उसके बाद वर्ष 2000 में त्राहि-त्राहि मची। इस भंयकर बाढ़ के कारण संत कबीर नगर और अम्बेडकर नगर की सड़कें पूरी तरह से टूट गईं। उन सड़कों की हालत इतनी खस्ता हो गई कि उन पर चलना भी दूभर हो गया। आप ग्रामों की उन्नति का सपना देख रहे हैं। मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि पूर्वांचल के जनपदों के लिये एक विशेष पैकेज देकर उन टूटी हुई सड़कों की हालत में सुधार लाने के लिये प्रयत्न किये जायें। मेरा विश्वास है कि इस ओर अवश्य ध्यान दिया जायेगा।

उपाध्यक्ष जी, मैं ग्रामीण मंत्रालय की अनुदान की मांगों का समर्थन करता हूं और आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस विषय पर अपने विचार रखने का अवसर दिया।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Dr. M. Jagannath - not present.

Shri Vijoy Krishna - not present.

Shri Nikhil Kumar - you can speak for only three minutes.

SHRI NIKHIL KUMAR (AURANGABAD, BIHAR): Thank you, Sir. As time is short I would confine myself to making some suggestions.

First of all, the Ministry of Rural Development has identified certain roads to be taken up for construction under the Prime Minister's Road Construction Programme.

In my area, there is a total of 400 kilometres of road stretches to be constructed in the next five years, of which in the first phase, three roads have been identified and the IRCON has been given the task to carry out the execution of this work. Unfortunately, for some reason, the IRCON is not proceeding with the work. My request is that IRCON should be asked to take up the work and expedite it.

I seek greater funds allocation under the Indira Awas Yojana and the Shram Vikas Yojana because the present allocation of funds is a pittance. They will not be in a position to meet the requirements. I know, in the current Budget, it may not be possible to increase the allocation. But this should be kept in mind when asking for funds under the Revised Estimates.

The third point is about the Antyodaya Anna Yojana. Nearly 13,000 quintals of food grains come to my *Prakhand* under this Yojana. For seven continuous months, the food grains did not reach a *Prakhand* and the situation has not improved. Some kind of monitoring is needed to see that this very important scheme works efficiently and some kind of responsibility should be fixed as to why the food grains meant for a particular block did not reach there.

The next point is about the Kisan Credit Card. BDOs who certify, who furnish certificates, do so in an incomplete manner, with the result, kisans are made to run from pillar to post for getting their certificates completed. I think, some kind of centralised instruction should be issued to the BDOs as to what kinds of certificates are required. They will be required to clarify that the applicant is only a part of a joint family and what is his share in the total land holding. Unless that is done, the banks will not give any rural credit.

The next suggestion is about the quantum of registration fee for tractors in Bihar. It is very high and as a result, it is some kind of a deterrent to the kissan. It could be considered to bring down this registration fee. I say this because Bihar is currently under the President's rule and, therefore, the Government of India can perhaps advise the Bihar Government to do the needful because if this is brought down substantially, it will be a great impetus to agriculturists.

**श्री सुरेन्द्र प्रकाश गोयल (हापुड़)** : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं। मैं कृषि मंत्रालय की अनुदान की मांगों के समर्थन में खड़ा हुआ हूं। जहां तक मैं समझता हूं माननीय मंत्री जी ने जिला स्तर पर विजीलैन्स कमेटी बनाकर बहुत बड़ा काम किया है। इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं। जो पैसा केन्द्र सरकार से जाता है, ये कमेटियां उसकी मॉनीटरिंग कर सकेंगी और जो खर्चा राज्य सरकार के माध्यम से होता है, वह अन्य स्रोतों में ने लग जाए, उसकी फिजीकल वैरिफिकेशन हो और लोगों को उसके बारे में जानकारी मिल सके। एक बहुत बड़ी चीज एम.पीज. को दी गई है, इसके लिए मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं।

उपाध्यक्ष महोदय, कुम्हारों के लिए जहां एक तरफ ग्रामीण क्षेत्रों में पट्टे काटे जाते हैं, वहां कुम्हारों के लिए कोई जगह उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। माननीय लालू प्रसाद जी ने रेलों में कुल्हड़ आवश्यक कर दिया, लेकिन कुल्हड़ बनाने के लिए मिट्टी कहीं भी उपलब्ध नहीं हो रही है। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि ऐसे दिशा-निर्देश जारी किये जाएं कि कुम्हारों के लिए एल.एम.सी. की जो जमीन ग्रामीण क्षेत्रों में पड़ी हुई है, वह उन्हें उपलब्ध कराई जाए, ताकि कुम्हार बिरादरी को उसका लाभ मिल सके और वे अपनी जीविका चला सकें।

अभी मेरे पूर्व साथी ने हैंड पम्पों की बात कही। मैं कहना चाहता हूं कि इसका सारा माल केन्द्र सरकार से जाता है, इसलिए जिसकी सरकार होती है, वह अपने एम.एल.एज. को बढ़ाने का काम करता है। वहीं एम.पीज. को कोई पूछने के लिए तैयार नहीं है। अगर यह एनेक्सी की उस मीटिंग में मौजूद रहे हों, जिसमें माननीय

मुख्य मंत्री जी भी थे, वहां मैंने 150 हैंड पम्पों की मांग की थी। हमारा ही पैसा है और हमें ही ऑब्लाइज कर रहे हैं। इसलिए मेरा कहना है कि हैडपम्प बढ़ाये जाएं। जिस तरह से विधायकगण अपनी स्टेट में अपनी सहभागिता अपनी विधायक निधि से करते हैं। मैं माननीय मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि उसी तरह से हमें भी यह अधिकार दिया जाए कि जो हमारी एम.पीज. निधि है, हम उससे सहभागिता अदा कर सकें, ताकि हम लोगों के वास्ते हैंड पम्प लगवा सकें। एम.एल.एज. तो अपनी विधायक निधि से पैसा दे सकते हैं, लेकिन एम.पीज. अपनी सांसद निधि से शेयर नहीं दे सकते, इसके कारण हमें बड़ी तकलीफों का सामना करना पड़ता है। पैसा हमारा है।

पैसा हमने उसी में से देना है। मैं मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि सांसद विकास निधि को बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये किया जाए। दिल्ली में दो करोड़ रुपये एमएलए को दिये जाते हैं। दिल्ली में एनडीएमसी और डीडीए द्वारा सौ रुपये गज की जमीन एक लाख रुपये गज में बेची जाती है। उनका तो उद्धार हो जाता है लेकिन हम एमपीज़ को कुछ नहीं मिलता। यूपी में एक एमएलए को भी एक करोड़ रुपये मिलता है, दिल्ली में दो करोड़ रुपये मिलते है। चूंकि यह सरकार भी जुगाड़ पर चल रही है, इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि देश के अंदर कोई ऐसा जुगाड़ बनाया जाए कि सांसद विकास निधि की राशि बढ़ाकर पांच करोड़ रुपये की जाए अन्यथा जो दो करोड़ रुपये हैं, उन्हें भी वापस ले लिया जाए। हमारी जान तो बचे।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देते हुए पुनः मंत्री जी और विभाग का आभार व्यक्त करता हूं और माननीय मंत्री जी को बधाई देता हूं कि बहुत अच्छा प्रावधान आपने बजट में रखा है। â€¦ (व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** अगर वापस हो गया तो कोई शादी पर भी नहीं बुलाएगा।

...(व्यवधान)

**ग्रामीण विकास मंत्री (डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह) :** उपाध्यक्ष महोदय, मैं सदन का बड़ा आभारी हूं, अध्यक्ष महोदय और बीएसी के सभी सदस्यों का आभारी हूं क्योंकि देश के गांवों में बसने वाले करोड़ों गरीब और बेरोज़गार आदमी संसद की ओर ध्यान लगाए रहते हैं कि हमारे विषय में क्या बात हो रही है, क्या सवाल उठ रहे हैं और उनका क्या समाधान हो रहा है। बड़ी कशमकश के बाद इस मांग पर बहस मंजूर की गई और बहस की समाप्ति आज हो रही है।

महोदय, आज की बहस में 20 माननीय सदस्यों ने भाग लिया और बहुत महत्वपूर्ण सवाल उठाए। माननीय सदस्यों ने कई मांगें भी की हैं और अच्छे सुझाव भी दिये हैं। सभी सुझाव, मांगें और जो बहुमूल्य प्रश्न जनता के लिए उठाए गए हैं, गांवों और गरीबों के विकास के लिए, बेरोज़गारों के लिए, महिलाओं के लिए, अनुसूचित जातियों और जनजातियों के लिए उठाए गए हैं, सभी के लिए सम्यक विचारोपरांत हम देखेंगे कि कैसे उनका कार्यान्वयन हो सकता है।

**श्री मधुसूदन मिस्त्री (साबरकंठा) :** सांसद निधि के लिए?

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** वह सब बाद में पूछेंगे। अभी कहने दीजिए।

**श्री इलियास आज़मी :** वह इनके मंत्रालय का मामला नहीं है।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** किसी भी मंत्रालय का हो, हम बाद में बताएंगे। अभी हमें अपनी बात कहने दीजिए। â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not disturb the hon. Minister.

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** महोदय, नेशनल कामन मिनिमम प्रोग्राम की प्रशंसा यूएनओ ने भी की है कि यदि इस तरह के कार्यक्रम का सही कार्यान्वयन हो जाए तो हिन्दुस्तान भी कुछ वर्षों में दुनिया का नंबर एक मुल्क बन सकता है। यह क्षमता भी हममें है। प्रधान मंत्री जी का जो थ्रस्ट एरिया है और हम लोगों को बराबर लिखा-पढ़ी में वे कहते हैं कि गरीबों का काम कैसे आगे बढ़े, गांवों में बसने वाले जो बेरोज़गार लोग हैं, उनको कैसे रोज़गार मिले, उनका नारा है, रोज़गार बढ़ाओ कार्यक्रम और फिर ई-गवर्नैन्स के द्वारा सभी का कार्यान्वयन किया जाए।

जो एंप्लायमैंट गारंटी विधेयक लोक सभा में पिछली बार इंट्रोड्यूस किया गया था, वह स्टैन्डिंग कमेटी में लंबित है। बहुत से माननीय सदस्यों ने इस संबंध में जिज्ञासा जाहिर की है। मैं चाहता हूं कि इसी सत्र में उसको पारित किया जाए। इसलिए हमने माननीय संसदीय कार्य मंत्री जी को बार-बार रिमाइंड कराया है। हमने मिलकर स्टैन्डिंग कमेटी के चेयरमैन साहब और स्पीकर साहब से लिखा-पढ़ी करके दो-दो बार रिमाइंड कराया है कि जल्दी से स्टैन्डिंग कमेटी अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दे जिससे इसी सत्र में इसे पारित करने के लिए जो हम कृत-संकल्पित हैं, वह पूरा हो सके और जल्दी से जल्दी एंप्लायमैंट गारंटी स्कीम हम लागू कर सकें। नेशनल कामन मिनमम प्रोग्राम में जो हमारा कमिटमैंट है गरीबों के लिए, गांवों में बसने वाले मेहनतकश मजदूर जो काम करना चाहते हैं, और काम करके जीना चाहते हैं, एक साल में सौ दिनों के रोज़गार की गारंटी, काम के लिए अधिकार की तरफ यह एक बड़ा भारी मजबूत कदम होगा। यह ऐतिहासिक कार्य होगा। इसीलिए इसमें देश भर से सुझाव आए और नेशनल एड्वाइजरी काउंसिल का सुझाव भी आया है। उनके सुझावों को हमने स्वीकार किया है। स्टैंडिंग कमेटी की रिपोर्ट आ जाए । हम उसकी प्रतीक्षा में हैं । हम उसके लिए बेचैन हैं । रिपोर्ट जल्दी आए और माननीय सदस्यों से मेरी प्रार्थना है कि ग्रामीणमुखी, रोजगारमुखी विधेयक को जल्दी से पास कर दिया जाए ।

**श्री मधुसूदन मिस्त्री :** चेरयमैन साहब वह रिपोर्ट नहीं भेज रहे हैं ।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** हमने मिल कर चेयरमैन साहब को कहा है । हमने लिखा-पढ़ी भी की है । स्पीकर साहब से भी प्रार्थना की है । माननीय सदस्यों ने भी सवाल उठाया है । उन्हें जानकारी देना हमारा कर्तव्य है। सदन के सामने हम कोई भी बात छिपाना नहीं चाहते हैं । सब बातें खुल कर कहना चाहते हैं, इसलिए हम बराबर ताकीद कर रहे हैं, मुस्तैद हैं कि रोजगार गारंटी कानून आए ।

महोदय, आज ग्रामीण विकास मंत्रालय के बजट पर चर्चा हो रही है । महात्मा गांधी जी ने कहा था कि आप अपनी कसौटी पर कस कर देखिए । जब आप कोई काम करते हैं तो क्या उससे किसी गरीब आदमी का भला होता है या नहीं, किसी फटेहाल आदमी का भला होता है या नहीं या उसके फायदे के लिए आप क्या काम कर रहे हैं तो महात्मा गांधी जी ने हमें लिटम्सटैस्ट का उपदेश दिया था। गाँव का, गरीब का विकास करने के लिए आप क्या काम कर रहे हैं, क्या नीति अपना रहे हैं और क्या कार्यक्रम अपनाते हैं । वह लिटमस प्रपत्र है इसलिए हमारी प्राथमिकताएं गांव और गरीब है । जहां हम देखते हैं कि गांव नहीं हैं, गरीब नहीं हैं, वहां किसी योजना को हम लोग मान्यता देने के लिए तैयार नहीं हैं । इसलिए गांधी, गांव और गरीब तीनों को लेकर हम आगे बढ़ना चाहते हैं । केवल जुबानी भाषण देने से नहीं, केवल ब्यानबाजी करने में नहीं, महोदय हम नेशनल कॉमन मिनिमम प्रोग्राम का कार्यान्वयन पर विश्वास करते हैं । जो बजट उपबंध हुआ है इससे पहले एनडीए की सरकार भी कभी-कभी गांव और गरीब की चर्चा करती थी लेकिन केवल चर्चा, उनके बजट में हजार-डेढ़ हजार, दो हजार करोड़ रुपए का प्रावधान होता था जैसे गरीब की

कोई समस्या ही नहीं है । गांव की कोई समस्या ही नहीं है । यही बढ़ोतरी होती थी लेकिन इस बार 50 फीसदी वृद्धि हुई है । उनका बजट 16 हजार करोड़ रुपए का वर्ा 2004-05 से पहले था । उसके बाद बढ़ कर 18 हजार करोड़ रुपए हो गया । महोदय, इस बार बजट में 24 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हमने की है । लगभग 50 फीसदी, डेढ़ गुना बजट बढ़ाया है और बजट को और भी ज्यादा बढ़ाने के लिए माननीय सदस्यों ने मांग की है । उन्होंने हमको ताकत दी है, हमें समर्थन दिया है । मैं समझता हूं कि गांव और गरीब उनकी प्राथमिकताएं हैं । जो गांव से चुन कर आते हैं जो अपनी आंखों से देखते हैं कि गांव में क्या-क्या समस्याएं हैं उनके लिए बजट उपबंध में बढ़ोतरी करने का हमारा और भी प्रयास है । प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना में 71 परसेंट बढ़ोतरी हुई है । जहां 2468 करोड़ रुपए का बजट उपबंध था वह बढ़ कर 4200 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है लेकिन उससे भी काम चलने वाला नहीं है । वर्ा 2000 में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना शुरू की गई । उस समय उन्होंने अनुमान लगाया था कि 60 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे लेकिन वह आकलन एकदम गलत था । अभी उसका आकलन किया गया है जिसमें उसका खर्च 60 हजार करोड़ रुपए नहीं, बल्कि उससे दुगुना है । उन रुपयों से भी काम नहीं चलेगा । एक लाख बत्तीस हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे तब देश में 500 की आबादी से अधिक वाले गांवों को हम रूरल एरियाज से जोड़ सकेंगे । बजट में 16 लाख 32 हजार करोड़ रुपए की बढ़ोतरी इसलिए हुई है लेकिन फिर भी हम संतुट नहीं हैं । वित्त मंत्री जी ने बड़ी भारी एडवेंचर स्कीम भारत निर्माण योजना की घोाणा की है । भारत निर्माण में 6-6 उपबंध हैं । तीन उपबंध हमसे संबंधित हैं । ग्रामीण विकास मंत्रालय से संबंधित हैं । उसमें नम्बर एक उन्होंने कहा कि 2009 तक कम-से-कम एक हजार की आबादी वाले गांव को निश्चित रूप से सड़क से जोड़ देंगे । उसके लिए जहां 4200 करोड़ रुपए का उपबंध हुआ है उसके लिए हमको 9 हजार करोड़ रुपए सालाना चाहिए । तब हम एक हजार की आबादी वाले गांवों को आपस में जोड़ सकते हैं ।

उपाध्यक्ष महोदय, बजट उपबंध में तो बढ़ोत्तरी हुई ही है। इसके बावजूद हमने वर्ल्ड बैंक और एशियन डैललपमेंट बैंक से, इंटरनैशनल फंडिंग से भी बजट में बढ़ोत्तरी और खर्चे का प्रबन्ध किया है। लोगों ने जहां-तहां चर्चा में कहा कि प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना सो गई है, प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना पर हमारी सरकार का जोर नहीं है या सुस्त पड़ गई है। मैं बताना चाहता हूं कि ऐसा बिलकुल नहीं है। हमने इसके लिए पहले से, इस वर्ा बजट में 71 प्रतिशत बढ़ोत्तरी की है। मैं समझ नहीं पाया कि और कैसा जोर होता है। इस हेतु हमने हर तरफ से धन उपलब्ध कराने की व्यवस्था करने की कोशिश की है। एशियन वर्ल्ड बैंक से राशि का प्रबन्ध कर रहे हैं, लिवरेज डॉमेस्टिक फंडिंग से व्यवस्था कर रहे हैं, इंस्टीट्यूशनल फायनेंस को लिवरेज कर के हम कैबीनेट में प्रस्ताव ले गए हैं। उससे 10-20 वर्ा आगे तक राज्यों को जो हिस्सा मिलना है, उस हिस्से के बदले, अभी उस राशि को खर्च करने की व्यवस्था हम कर रहे हैं।

महोदय, देश में रूरल रोड्स कुल 33 हजार किलोमीटर लम्बाई की हैं, 58 हजार किलोमीटर नैशनल हाइवे की सड़कें हैं, सवा लाख किलोमीटर स्टेट हाइवे की सड़कें हैं, सवा तीन लाख किलोमीटर डिस्ट्रिक्ट रोड हैं और 27 लाख किलोमीटर रूरल रोड हैं। रूरल रोड ग्रामीण क्षेत्र की जीवन रेखाएं हैं। जैसे शरीर की प्रत्येक नस में खून का संचालन होता है और शरीर तभी तक शरीर है जब तक कि नस-नस में खून दौड़ रहा है और उसे नस-नस में दौड़ना चाहिए। उसी तरह से देश की व्यवस्था ठीक प्रकार से चलाने के लिए ग्रामों में सड़कों का जाल बिछाने की जरूरत है, तभी ग्रामों का विकास हो सकता है। नैशनल हाइवे हो जाए, वह चार लेन का हो जाए, छः लेन का हो जाए, वर्ल्ड क्लास हो जाए, लेकिन रूरल रोड, गांव की कच्ची सड़क ही बनी रहे, उस पर बैलगाड़ी चलती रहे। उससे देश का समग्र विकास नहीं हो सकता है। इसलिए रूरल रोड्स पर प्रथम बार जोर लगाया गया है।

महोदय, पहले इंडियन रोड कांग्रेस थी, उसमें भी रूरल रोड्स की अहमियत नहीं थी। नैशनल हाइवे की बातें होती थीं और पी.डब्ल्यू.डी. तक ही बातें होकर रह जाती थीं, लेकिन अब इंडियन रोड कांग्रेस में भी रूरल रोड्स का बोलबाला है। हमने रूरल रोड को विकसित करने के लिए एक रूरल रोड्स विजन 2025 तैयार किया है। रूरल रोड का काम उसके तहत आने वाला है। देश का नक्शा लोगों को मालूम होना चाहिए और यह तभी हो सकता है जब गांवों की सड़कें सुधरें। सभी जानकार बताते हैं कि जब तक यातायात और कम्युनिकेशन का विकास नहीं होगा, तब तक किसी भी एरिया का विकास नहीं हो सकता है। इसीलिए रूरल रोड्स का एक बड़ा भारी कार्यक्रम तैयार किया गया है। रूरल रोड बनाते समय उसकी गुणवत्ता और रोड बनाने वालों का चयन कैसे किया जाएगा, वह मैं आगे बताऊंगा।

**उपाध्यक्ष महोदय :** डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह जी, एक मिनिट के लिए आप स्थान ग्रहण कीजिए।

माननीय सदस्य, क्या हाउस की अनुमति है कि वर्ा 2005-2006 के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय के नियंणाधीन अनुदानों की मांगें जब तक पारित नहीं हो जाती हैं, तब तक समय बढ़ाया जाए ?

**कुछ माननीय सदस्य :** जी, हां।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, रूरल सैनीटेशन के लिए पिछले वर्ा 400 करोड़ रुपए का सालाना बजट था जिसे हमने 75 प्रतिशत बढ़ाकर, इस वर्ा 700 करोड़ रुपए किया है और उससे भी हमारा काम चलने वाला नहीं है। टोटल सैनीटेशन कैम्पेन अभी तक 400 से अधिक जिलों में लागू हुआ है। हम उसे बढ़ाकर 600 जिलों में लागू करना चाहते हैं, जिससे घर-घर पानी-पखाने की, शौचालय की व्यवस्था हो जाए। टोटल सैनीटेशन कैम्पेन के अन्तर्गत हमारा उद्देश्य है कि घर-घर शौचालय बने। हमने हिसाब लगाकर देखा है, करेंट आंकड़ों के अनुसार 100 परिवारों पर 30 परिवारों में शौचालय का प्रबन्ध है। देश में 70 प्रतिशत परिवार अभी भी ऐसे हैं जिनके लोग, सड़कों पर, खेतों में, बाड़ी में झाड़ी में शौच करते हैं। यह हमारे लिए कलंक की बात है और चुनौती है। अभी-अभी हरियाणा के श्री जय प्रकाश अपने भााण में हरियाणा के बारे में कह रहे थे। हमने हरियाणा के आंकड़े देखे हैं। इस समय वे यहां नहीं बैठे हैं।

**उपाध्यक्ष महोदय :** पंजाब को भी जोड़ लीजिए।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** जी हां। हरियाणा में 70 प्रतिशत परिवारों में टी.वी. है, लेकिन पानी-पखाना केवल 40 प्रतिशत परिवारों में ही है। टी.वी. है, लेकिन शौचालय नहीं है। इसका मतलब यह है कि जो सक्षम हैं, वे भी पानी-पखाना घर में नहीं बनाते हैं। इसलिए लोगों में सफाई के प्रति जागरुकता पैदा करने की आवश्यकता है। संपूर्ण ग्रामीण स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों में जागरुकता पैदा करना जरूरी है। कुछ लोग पानी के शौचालय बनाने में सक्षम हैं, लेकिन अवेयरनैस नहीं होने के कारण उनमें पानी-पखाने के बारे में जागरुकता नहीं होने के कारण वे नहीं बना पाए।

इसलिए जो गरीब आदमी है, उनकी सहायता केन्द्र सरकार से होगी। उसमें राज्य सरकार का भी हिस्सा है, उनका कुछ अपना भी कंट्रीब्यूशन है, लेकिन उसमें हम और बढ़ोत्तरी के लिए विचार कर रहे हैं। वर्ा 1999 के मूल्य के आधार पर यह तय किया गया था, उसमें हमने कहा कि जब सभी में बढ़ोत्तरी हुई है तो इसमें भी हम राशि बढ़ाना चाहते हैं। उसके बाद कुल 14 योजनाएं ग्रामीण विकास मंत्रालय के द्वारा लागू की जा रही है। योजना नम्बर वन - वेज़ एम्प्लायमेंट की योजना। लोगों को काम देकर रोजगार मिले, जिससे उनकी आमदनी हो और वे अपनी जीविका चला सके, उसमें संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना है। यह मांग की गई है कि पंचायतों को राशि दी जाए। सीधे डीआरडीए में यहां से राशि जाती है और वहां से 15 दिनों में 20 प्रतिशत राशि जिला पंचायत परिाद में जाती है, 30 प्रतिशत राशि प्रखंड पंचायत परिाद में जाती है और 50 फीसदी राशि ग्राम पंचायतों में जाती है, जो उनके द्वारा खर्च होती है। यह 50 फीसदी राशि ग्राम पंचायतों में जाती है, उसकी आधी राशि अनुसूचित जाति, जनजाति ऐरियाज़ में खर्च करनी है और जिला परिाद में जो राशि जाती है, उसकी साढ़े 22 प्रतिशत, और प्रखंड पंचायत समिति में जो राशि जाती है, उसकी साढ़े 12 प्रतिशत, Individual beneficiaries to the Scheduled Caste and Scheduled Tribe Families, इस तरह की स्कीम दुनिया में कहीं नहीं है। उन्हें सौ प्रतिशत सब्सिडी जीविका देकर, इनकम जेनरेटिंग असेट्स देकर गरीबी रेखा के ऊपर लाया जा सकता है। हम उनके अनाज के लिए 700

करोड़ रुपए का खर्च करते हैं। माननीय सदस्यों ने जो साढ़े 22 प्रतिशत का सवाल उठाया है, उसमें हेरा-फेरी की भी शिकायत की है, मैं उसका भी इलाज बता रहा हूं। हमने उस पर क्या कार्यवाहियां की हैं, वह भी मैं आपको बता रहा हूं। योजना नम्बर दो - वेज़ एम्प्लायमेंट, काम के लिए भोजन योजना। हम जो नेशनल एम्प्लायमेंट गारंटी स्कीम लागू करने जा रहे हैं, जो कानून बनाना है, उसके पहले हमने प्रयोग के रूप में देश के डेढ़ सौ जिलों का चयन किया है, उसमें 2020 करोड़ का पिछले साल और 20 लाख टन अनाज का प्रावधान किया है और इस बार छः हजार करोड़ रुपए और एक लाख टन अनाज का प्रावधान किया है, जिससे कि अनाज भी जाए और राशि भी जाए तथा कहीं भी लोगों का पलायन न हो, गावों में ही लोगों को रोजगार मिले। गांवों में रोजगार मिले, काम के लिए भोजन योजना, और उन्हें कुछ नकद भी मिले, अनाज भी मिले और राशि भी मिले, जिससे वे भुखमरी से मुकाबला कर सकें और जीवित रह सकें ताकि भुखमरी का संकट न हो। इसलिए काम के लिए भोजन योजना में भी कहा गया है। माननीय सदस्यों ने निगरानी का सवाल उठाया है और कहा कि वहां ठीक से खर्च नहीं हो रहा है, वहां बढ़िया से निगरानी नहीं है। इसके लिए मैंने सभी राज्यों की अलग-अलग बैठक करके भी बहस की है। सभी राज्यों, विशेकर दो-तीन राज्यों को मिला कर माननीय सदस्यों को हमने कट दिया है, बुलाया है और सब कागज-पत्र दिया है कि कहं क्या खर्च होता है, क्या बजट उपबंध हैं। क्या जिले में जो पैसा गया, उसकी निगरानी करने का काम माननीय सदस्यों का है, क्योंकि उन्हें जिला निगरानी और सतर्कता कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है और उस निगरानी समिति का सैक्रेट्री जिला मजिस्ट्रेट को बनाया गया है। माननीय सदस्य कह रहे हैं कि उन्हें पावर नहीं दी है।â€¦ (व्यवधान)

SHRI M. APPADURAI (TENKASI): It is not working in Tamil Nadu.

**श्री रघुवंश प्रसाद सिंह :** मैं आपको इस बारे में बताता हूं कि इन सारी योजनाओं का कार्यान्वयन पंचायत राज अथवा राज्य सरकार के द्वारा होता है, सीधे यहां से कोई कार्यान्वियन नहीं होता, यहां से राशि का उपबंध होता है।

हम निगरानी करते हैं कि किसी राज्य का हिस्सा न कटे, क्यों खर्च नहीं किया, क्यों हिसाब नहीं दिया, वहां उनके मुख्यमंत्री से, उनके मंत्री से, अधिकारीगण से ताकीद करके, लिखा-पढ़ी करके, फोन करके, अपने आफिसर भेजकर मैं मुस्तैदी करता हूं कि किसी का हिस्सा न कटे। यह निगरानी करने का काम, ऊपर से पैसा भेजने का और देखने का काम है, लेकिन राज्य सरकारों के सहयोग के बिना कोई योजना बहुत सफल नहीं हो सकती, पंचायती राज के सहयोग के बिना सफल नहीं हो सकती। सभी की उसमें भागीदारी है, अब उसमें डिस्ट्रिक्ट विजिलेंस एण्ड मोनेटरिंग कमेटी की माननीय सदस्यों ने ज़बरदस्त मांग की थी, यहां सदन में पहले जोरदार अपील हुई थी कि इस तरह की कमेटी बनाई जाये और एम.पी. साहब लोगों को अधिकार दिया जाये, उन्हें सहभागिता दी जाये। लेकिन अब कुछ राज्य सरकारों को उसे मानने में कठिनाई होती है, लिखा-पढ़ी में भी हम लगे हैं कि सब राज्य सरकारें इसमें सहयोग करें और देखें कि सरजमीं पर ठीक खर्चा हो और उसमें स्ट्रिक्ट विजिलेंस किया जाये। इसके लिए हमने जनता को भागीदारी भी की है, जो सम्पूर्ण ग्रामीण विकास योजनाएं जितनी भी बनेंगी और जो फूड फॉर वर्क की योजनाओं की जितनी मंजूरी और कार्यान्वयन होगा, प्रत्येक योजना में पांच से नौ व्यक्तियों की, उसी के लाभार्थियों की समिति बनेगी और वह समिति के लोग निगरानी करेंगे, उसमें पूरी ट्रांसपेरेंसी, पारदर्शिता रखी जायेगी कि उस पारदर्शिता से आम लोग जान सकें कि क्या एस्टीमेट है, क्या राशि आई है, क्या काम होना है, सही ढंग से कार्यान्वयन हो रहा है या नहीं, मजदूरों को मजदूरी या अनाज मिल रहा है या नहीं। आम लोगों की भी भागीदारी, लाभार्थियों की भागीदारी उसमें दी गई है। यह भी कहा गया है कि उस मौहल्ले में कोई रिटायर्ड पर्सोनेल, कोई मिलिट्री आर्मी या कोई अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस का सिपाही, मास्टर रिटायर होकर बाहर आये हैं तो उसमें उनको भी रखा जाये, जो देखभाल कर सकें। इसलिए हर स्तर पर निगरानी की व्यवस्था की गई है। स्ट्रिक्ट विजिलेंस का हमारा मेण्डेट है। नेशनल कॉमन मिनिमम प्रोग्राम में उसे ठीक से, सख्ती से लागू किया जायेगा। नहीं तो दिल्ली में बड़ा भारी एण्टी रूरल का और एण्टी पुअर की बड़ी भारी लॉबी है, गरीब और गांव के दुश्मन यहां बहुत जहां-तहां होशियार बनते हैं, वे बराबर बोल देते हैं, राजीव गांधी ने कहा था, पैसा गांव में नहीं जाता है। सीधे मना नहीं करते हैं, गांव में पैसा नहीं जाये, गरीब के पास पैसा नहीं जाये, वे सीधे मना नहीं करेंगे, बोलेगा यहां से गांव में पैसा नहीं जाता है, राजीव गांधी ने कहा था, 15 पैसा जाता है, उसे ले जाने का काम किसका है और सही ढंग से देखने का काम उसका भगवान आकर करेगा कि हम लोग जो इलैक्टिड रिप्रेजेण्टेटिव हैं, जो अधिकारी राज्य सरकार और भारत सरकार, जागरुक लोग, समाजसेवी, सब लोग मिलकर उसको देखें कि सही ढंग से उसकी निगरानी हो और सही ढंग से खर्चा हो, लेकिन गांव में विकास का पैसा जाने से यहां लोगों को कुछ देह में खुजलाहट होने लगती है, यह मैंने महसूस किया है। इसीलिए हम उसमें जनमत, लोकमत बनाना चाहते हैं कि गांव की उपेक्षा और गरीब की उपेक्षा और उनका स्वर में कोई कमी और उनकी आवाज को कोई दबा नहीं सके। करोड़ों गांवों के जो फटेहाल लोग हैं, वे ताकते रहते हैं, हमारे लिए कम हो हो रहा है, इसीलिए उसको कराना है और करना है।

योजना नम्बर तीन - प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में माननीय सदस्य कहते हैं कि उनकी उपेक्षा होती है। उनकी उपेक्षा का प्रावधान नहीं है, हमारे माननीय सदस्य जिला परिद में लिखेंगे, स्टेट गवर्नमेंट को लिखेंगे कि इस सड़क की मैं अनुशंसा करता हूं। या तो कमेटी में बैठेंगे, जाएंगे, जिला परिद में भी वे सदस्य हैं। लेकिन माननीय सदस्यों को कठिनाई होती है, वहां बाकी सब सदस्य एम.पी. के खिलाफ मिल जाते हैं, इसलिए कठनाई होती है। फिर भी प्रावधान है कि ये अपनी अनुशंसा भेज दें। जिला परिद और स्टेट गवर्नमेंट अगर उस अनुशंसा को नहीं मानेगी तो उनको बताना पड़ेगा कि क्यों नहीं मानेगी। यदि क्राइटीरिया में आता है, यदि एक हजार से ज्यादा आबादी का टोला है, हैबीटेशन है और हमारे एम.पी. लिखकर देते हैं तो उनको मानना पड़ेगा, नहीं तो हम अपनी तरफ से उसमें सड़क को जोड़ देंगे। लेकिन इसमें माननीय सदस्यों को भी थोड़ा एलर्ट रहने की ज़रूरत है। हो सकता है, फैडरल स्ट्रक्चर है, केन्द्र राज्य सम्बन्ध को लेकर चलना है, पंचीयती राज को भी लेकर चलना है, इसलिए कोआर्डीनेट करने के लिए यह जरूरी है। लेकिन यह भी है कि माननीय सदस्यों से उसका शिलान्यास, उद्घाटन करवाया जाये।

यह भी निर्देश दिया हुआ है लेकिन उसका कहीं-कहीं कार्यान्वियन नहीं हो पाता है । हम लोगों के नोटिस में ये बातें आती हैं तो हम उस पर सख्त कार्यवाही करते हैं ।

**कुँवर मान्वेन्द्र सिंह :** माननीय मंत्री जी जिस जिला परिद की बात कर रहे हैं मैं उसके बारे में बताना चाहता हूं । मेरे क्षेत्र में एक सड़क के निर्माण के लिए शिलापूजन करवाया गया, शिला भी स्थापित की गई, किंतु पूजा करने के पश्चात सड़क किसी दूसरी जगह बनवा दी गई । मैंने राज्य मंत्री जी और आपको भी पत्र लिखा था । राज्य मंत्री जी ने कहा कि यह सड़क यहां नहीं बनेगी । मैंने आपको भी लिखा था लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है ।

**उपाध्यक्ष महोदय :** ऐसा बहुत जगहों पर होता है ।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** आप इन बातों को नोट करके रखिए, मुझे बाद में बता दीजिएगा। बीच में टोकाटाकी से मुझे असुविधा होती है।

योजना नम्बर चार - पीने के पानी से संबंधित है। हमारा मेंडेट है, गांव के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध करवाना। केवल पानी नहीं बल्कि शुद्ध पानी उपलब्ध करवाना है। पानी की गुणवत्ता का भी बड़ा भारी असर होता है। पचास फीसदी बीमारियां पानी से ही होती हैं।â€¦ (व्यवधान)

**श्री जी. वेंकटस्वामी (पेद्दापल्ली) :** मैंने करीम नगर के लिए पानी की डिमान्ड की थी। मेरे क्षेत्र में लोग बिना पानी के मर रहे हैं।â€¦ (व्यवधान)

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** उपाध्यक्ष महोदय, पीने के पानी की समस्या भारत निर्माण का दूसरा हिस्सा है और दूसरा हिस्सा प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना है। 5920 हैबिटेशन टालें ऐसी हैं जहां पर अभी भी पानी की उपलब्धता नहीं है। 69 हजार टाले ऐसे हैं, जो पार्शली कवर्ड हैं। इसका मतलब यह है कि हमको देहात में कम से कम 40 लीटर पानी एक व्यक्ति पर चाहिए। वह भी कम है। राट्रपति जी बराबर हमको निर्देश देते हैं और हमारा मार्गदर्शन करते हैं और कहते हैं कि पूरी योजना बनाइए। पूरी योजना मतलब, शहरी सुविधा गांव के लोगों को भी दी जाए। शहर में हम देखते हैं कि पावभर पेशाब लोग करते हैं और उसके लिए 15 लीटर

पानी खराब करते हैं। पखाने के लिए 30 लीटर, नहाने में सौ लीटर खर्च करते हैं। एक आदमी शहर में तीन सौ से चार सौ लीटर पानी खर्च करता है। हमारे गांव में अभी भी 40 लीटर पानी उपलब्ध नहीं है। 40 लीटर पानी में जानवर भी पानी पीता है, उसी में कपड़ा और नहाना इत्यादि और उसी में पीने का पानी है। कितना बड़ा फर्क है शहर और गांव में। गांव में पानी भी हम उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। अभी तक केवल 40 लीटर पानी ही रखा गया है। शहरी सुविधा गांवों में कैसे दी जाएगी? शहरों के बाथरूम में ठण्डा, गर्म और मध्यम पानी के लिए अलग-अलग टैप होता है। किन्तु गांव में हजार आदमी में एक टैप भी नहीं है। ऐसे कैसे चलेगा? बराबर की सुविधाओं में जो दखलांदाजी है, ताकतवर लोगों की, सम्पन्न लोगों की, इसको नहीं चलने दिया जाएगा। गांव के लोगों को भी शुद्ध और पर्याप्त पानी उपलब्ध करवाना पड़ेगा। इसीलिए बजट के आबंटन में वृद्धि की गई है। अशुद्ध पानी की भी समस्या है। बंगाल के आठ जिले आर्सेनिक की समस्या से पीड़ित हैं जिनमें मालदा, मुर्शिदाबाद और 24 परगना इत्यादि हैं, जो गंगा के किनारे हैं। आंध प्रदेश के नालगोंडा और करीमनगर इत्यादि जिले भी पीड़ित हैं। राजस्थान भी इस समस्या से ग्रस्त है।

हमने स्थल निरीक्षण किया है, जाकर देखा है। हमारे सामने चुनौती है कि गरीब लोग जो आर्सेनिक युक्त पानी पीते हैं, उससे चर्म रोग हो जाते हैं और कैंसर की बीमारी हो जाती है जिससे वे मर जाते हैं। जिस गांव में आर्सेनिक युक्त है, उस गांव में कोई शादी-ब्याह नहीं करेगा। फ्लोराइड युक्त पानी आंध्र प्रदेश, राजस्थान और देश के कुछ और इलाकों में है। उस पानी के इस्तेमाल से हड्डी टेढ़ी हो जाती है। गरीब लोग यह नहीं जानते कि कैसा पानी है। वे अशुद्ध जल पीकर बीमार हो जाते हैं। 2 लाख 16 हजार के लगभग हैबीटेशन्स ऐसी हैं, जहां कहीं फ्लोराइड है, कहीं आर्सेनिक है, कहीं नाइट्रेट है, कहीं लोहा है, कहीं बैक्टीरियल कन्टैमीनेशन है या बायोलॉजीकल कन्टैमीनेशन है, कहीं खारा पानी है। समुद्र के किनारे कोस्टल इलाके में नमकीन क्षारीय पानी होता है।â€¦ (व्यवधान) राजीव गांधी ड्रिंकिंग वाटर मिशन चला था, जिसके

अंतर्गत Accelerated Rural Water Supply Programme (ARWSP) योजना और स्वजल धारा योजना चलाई जा रही है। उसमें 10 प्रतिशत हिस्सा जनता को देना है और 90 फीसदी भारत सरकार देगी। मैं उसे भी देख रहा हूं। उसकी राशि ठीक से खर्च नहीं हो रही है। लेकिन जहां कहीं जनता द्वारा 10 प्रतिशत राशि जमा कर दी गई है, वहां उस योजना का कार्यान्वयन किया जाएगा।â€¦ (व्यवधान) राजीव गांधी ड्रिंकिंग वाटर मिशन में एक सबमिशन प्रोग्राम था। उसे एनडीए सरकार ने धूल की टोकरी में डाल दिया था। हमने उसे निकाल लिया है। उसमें यह था कि जिस इलाके में पानी की उपलब्धता नहीं है, 200 करोड़, 500 करोड़, 1,000 करोड़ की योजना है, जो राज्यों को रूटिन में पैसा देते हैं, उनसे उसकी समस्या का समाधान नहीं होगा। इसलिए अलग से राज्य सरकार प्रोजैक्ट बनाए और उसमें केन्द्र सरकार मदद करे। हमने उसे रिवाइव किया है। योजना आयोग ने सहमति दे दी है। वह ईएफसी में गया है। जब वहां से आ जाएगा, तब उसे कैबिनेट में ले जाएंगे। माननीय सदस्य श्री वेंकट्स्वामी रूरल डैवलपमैंट मंत्री रहे हैं। वे बराबर तकाजा करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि जैसे ही वह ईएफसी से मंजूर हो जाएगा, आंध्र प्रदेश, बंगाल, राजस्थान, उत्तर प्रदेश या देश के किसी हिस्से में पानी की कमी हो, पानी अशुद्ध हो, उन सभी योजनाओं का कार्यान्वयन हम कराने जा रहे हैं। हमारा संकल्प है कि पीने का पानी शुद्ध हो। टोटल सैनीटेशन कैम्पेन लागू किया जाए। कम्प्यूटराइजेशन ऑफ टोटल लैंड रिकार्ड के लिए खर्च देना - गांव के लोग अपने खाते, नक्शे, दस्तावेज आदि के सबूत लेने के लिए कोर्ट में जाते हैं लेकिन उनको महीनों तक कागज नहीं मिलते।â€¦ (व्यवधान)

**श्री इलियास आज़मी :** मुख्य मंत्री ने विधान सभा में दो सौ हैंडपम्प बांट दिए। आप भी उसी तरह बांट दीजिए।â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ilyas Azmi, please do not disturb him.

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** हमें 14 योजनाओं के बारे में बताना है, इसलिए संक्षेप में बताएंगे।

कम्प्यूटराइजेशन ऑफ टोटल लैंड रिकार्ड - गरीब लोगâ€¦ (व्यवधान)

SHRI G. VENKATASWAMY : Sir, I am on a point of clarification. मंत्री जी ने ऐनाउंस किया है कि 340 करोड़ और 370 करोड़ की ड्रिंकिंग वाटर स्कीम जो आई है, उसे आप कब दे रहे हैं, यह बताइए।â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Venkataswamy, please sit down.

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** हमने बता दिया है कि प्रस्ताव ईएफसी में मंजूरी के लिए गया है। जब वहां से आ जाएगा तो उसे कैबिनेट में ले जाएंगे। जो चीज हमारे हाथ में नहीं है, उसके समय का वचन हम नहीं देंगे, लेकिन सही जानकारी दे देंगे। â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Azmi, please do not disturb him.

**डा. रघुवंश प्रसाद सिंह :** टोटल सैनीटेशन कैम्पेन - पानी और पाखाना के बारे में निश्चय किया गया है कि 31 मार्च, 2006 तक देशभर में जितने विद्यालय हैं, मदरसे हैं, स्कूल, कॉलेज, प्राइमरी विद्यालय सब में अनिवार्य रूप से पानी और पाखाना की व्यवस्था करवा दी जाए।

वह सारा खर्चा हम देंगे। इससे बच्चे पाखाने की महिमा और उसका इस्तेमाल जानकर अपने गार्जियन को जागरूक करके घर में पाखाना बनवा सकते हैं। हम 31 मार्च, 2006 से आगे जाने वाले नहीं हैं। 31 मार्च 2006 तक हमें सेनीटेशन कम्पेन को पूरा करना है। इसी तरह लैंड रिकार्ड का कम्प्यूटराइजेशन है। इससे गांव का आदमी अपने खाते की जानकारी प्राप्त कर सकता है। वह इसके तहत 10 या 15 रुपये डालकर पांच मिनट के अंदर एक कागज ले लेगा। इस संबंध में कुछ राज्य सरकारें बहुत आगे चली गयी हैं और कुछ राज्य सरकारें बहुत पीछे रह गयी हैं। लैंड रिकार्ड के कम्प्यूटराइजेशन के लिए 100 फीसदी खर्चा हम दे रहे हैं। जो लैंड रिफार्म है, सरकारी जमीन है, वैस्ट लैंड है, सरप्लस लैंड है, भूदान वाली लैंड है, उसमें हम राज्य सरकारों को बराबर हिदायत देते है। इस संबंध में हमने रेवन्यू मिनिस्टर्स और रूरल डेवलपमैंट मिनिस्टर्स की कांफ्रेंस की है। मुख्य मंत्रियों का भी हमने सम्मेलन किया है तथा देश भर के प्रौजेक्ट डायरेक्टर्स की कांफ्रेंस की है। अभी पानी विभाग, सीएटीजी के मंत्रियों की भी हम कांफ्रेंस करने जा रहे हैं। यह सब करके, राज्यों को प्रेरित करने, राज्यों की सलाह-मशविरा से सभी कार्यक्रमों को लागू करने और उसे गरीब और गांव तक पहुंचाने की हम कोशिश कर रहे हैं।

इंदिरा आवास योजना के बारे में यहां माननीय सदस्यों ने सवाल उठाया है। गरीब डेढ़ करोड़ परिवार हमारे देश में ऐसे हैं जिनके पास रहने के लिए घर नहीं है। वे लोग झुग्गी-झोंपड़ी में रहते हैं। उनके पास रहने के लिए मकान नहीं है। अभी हम 15 लाख परिवारों के लिए घर बना रहे हैं। 2000 करोड़ रुपये के बजट उपबंध में हमने पिछले साल 2500 करोड़ रुपये की वृद्धि की है। इस साल साढ़े 27 सौ करोड़ रुपये की वृद्धि बजट में हुई है। हमसे कहा गया है कि इन्हें और तेजी से बनाने के लिए आप प्रस्ताव भेजिये। हमने तुरंत प्रस्ताव भेज दिये हैं कि डेढ़ करोड़ परिवार बिना घर के रह रहे हैं। 15 लाख लोगों के लिए अगर हर साल घर बनाया जाये तो इसमें 10 वॅा लगेंगे। लेकिन हर साल 10 लाख गरीब परिवारों में वृद्धि भी हो रही है। हमें लगता है कि इसमें ज्यादा वॅा बरस लगेंगे इसलिए हमने महसूस किया है कि इसे दुगुना किया जाये।

भारत निर्माण में भी कहा गया है कि 60 लाख अतिरिक्त मकान चार वॉों के अंदर हमें बनाने हैं। भारत निर्माण में तीन कार्यक्रम हुए हैं--प्रधान मंत्री रोजगार सड़क

योजना के तहत एक हजार की आबादी से ज्यादा वाले गांव को जोड़ना; दूसरा, जहां पीने के पानी की उपलब्धता नहीं है अथवा अशुद्ध पानी है, दो लाख 16 हजार हैबीटेशन्स में शुद्ध पानी का प्रबंध करना और तीसरा, गरीबों के लिए घर का इंतजाम करना लेकिन इसमें भी सुप्रीम कोर्ट ने स्टे लगा दिया है। श्री रामदास आठवले ने यह मांग की रही है कि आप री-सर्वे कराइये क्योंकि बहुत से लोगों का नाम गरीबी रेखा से नीचे वाली सूची में नहीं है। श्री अनंत गुढे भी मांग कर रहे थे कि घर में आग लगे तो आप उसका प्रबंध कीजिए। हमने 15 तारीख को सब राज्य सरकारों को कहा है कि जिसके घर में आग लगे और आग बुझायी भी न गयी हो, उसी समय ईंट और रेत गिरने लगे, उसे तुरंत इंदिरा आवास के तहत मकान बना दिया जाये। सभी राज्य सरकारों को हमने निर्देश दिये हैं कि सब पैसा हम देंगे। वहां से आप सूची भेज दीजिए। हम सबका रीऐम्बर्समैंट करेंगे। लेकिन हमने कहा है कि जिस गरीब के घर में आग लगती है, वह विपन्न हो जाता है, उसका सर्वनाश हो जाता है, तो उसे जिले की राशि से जो रिलीफ सहायता राहत मिलनी है, वह मिले। लेकिन ग्रामीण विकास विभाग की तरफ से इंदिरा आवास तुरंत बना दिया जाये, उसमें देर न की जाये। यह सभी को लिखा है। अब माननीय सदस्यों को खुद मौनीटरिंग करनी है कि जहां किसी घर में आग लगती है, वहां तुरंत ईंट का घर बनना शुरू हुआ है या नहीं। यह देखना उनका काम है।

सब पैसा यहां से हम देंगे। सारी सहायता हम करेंगे। इसी तरह से ये सारी योजना, एरिया डैवलपमेंट इत्यादि की जो हैं और जो पानी का सवाल लोगों ने उठाया है, आने वाला समय पानी के लिए हाहाकार मचाने वाला समय होगा। उसके लिए वॉटर हॉर्वेस्टिंग, वॉटर शैड मैनेजेमंट, वॉटर मैनेजमेंट ड्रॉट प्रोन एरिया में हमने कहा है कि मास्टर प्लान तैयार किया जाए और इंटीग्रेटेड वेस्टलेंड डैवलपमेंट प्रोग्राम, डैजर्ट डैवलपमेंट प्रोग्राम और फिर ड्रॉट प्रोन एरिया प्रोग्राम यानी आईडब्ल्यूडीपी, डीडीपी और डीपीए ये तीन डैवलपमेंट कार्यक्रम हरियाली योजना के नाम से मशहूर हैं। माननीय सदस्यों से हमारी प्रार्थना है कि उनके इलाके में जहां सूखे की संभावना है, या जहां भी सूखा होता रहता है, वहां वर्षा के पानी को कैसे रोका जाए, कैसे जल संचय किया जाए, उसकी योजना बनवाकर भेजें। सारी राशि यहां से दी जाएगी, उसका कार्यान्वयन कराया जाएगा। हमारा मेन फोकस पानी है क्योंकि पानी के बिना हाहाकर मचने की संभावना है। इसलिए अभी से ही हम लोग सजग हो जाएं और उस पर कार्यान्वयन करें। इस तरह से 14 योजनाएं ग्रामीण विकास की हैं। इसी तरह से 'अन्नपूर्णा' योजना है, गरीबों को अनाज देने और निगरानी करने का हमारा काम है। जो फटेहाल गरीब हैं, दस किलो मुफ्त में उनको अनाज मिलना है।

**श्री इलियास आज़मी :** किसी को मिलता भी है ? â€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please do not disturb.

...(*Interruptions*)

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** फिर समाज सुरक्षा पेंशन योजना, जो गरीब आदमी, 60 वर्ष से ऊपर है, उनको वृद्धा पेंशन योजना के अन्तर्गत पेंशन मिलेगी जिसे गांव में बूढ़ा, बूढ़ी पेंशन लोग बोलते हैं। जो जरुरतमंद है, उसको मिल रही है कि नहीं मिल रही है, यह हम देखेंगे। इसके बाद परिवार सुरक्षा योजना है। इसमें यदि किसी परिवार का हैड यदि किसी दुर्घटना में मर जाता है, उसको 10,000 रुपया नगद मिलने का प्रावधान है। उसकी भी निगरानी करने और इन सभी योजनाओं के निगरानी के संबंध में हमने बैठक की है। माननीय सदस्यों को हम लिखा-पढ़ी में भी सूचित करते हैं कि इस पर क्या खर्चा है। इसलिए माननीय सदस्यों से हमारी प्रार्थना है किâ€¦ (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Do not disturb.

...(*Interruptions*)

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** अभी हमने बताया है कि बूढ़ा-बूढ़ी पेंशन योजना है। इन सभी योजनाओं की निगरानी करने के काम के लिए हमारे 40 अधिकारी हैं। एक अधिकारी के नीचे 15 जिले पड़ते हैं। हमने कहा है कि रूरल डैवलपमेंट मिनिस्ट्री की तरफ से एक जिले में कम से कम 10 गांवों का निरीक्षण हम अथवा हमारे राज्य मंत्री अथवा हमारे अधिकारी गांवों में जाएंगे और देखेंगे कि ग्रामीण विकास की योजनाएं कैसे लागू हो रही हैं। गांवों की और राज्य सरकारों की क्या समस्याएं हैं ? सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में सहायता करने का काम केन्द्र सरकार का है और उसमें कोई भेदभाव नहीं है। हमने शपथ ली है कि राग-द्वेष से काम नहीं करेंगे। मैं न्याय करूंगा। उस शपथ को हम याद रखते हैं। किसी राज्य के साथ भेदभाव नहीं किया जाएगा। गरीबों का और गांवों का विकास कैसे हो, इस पर हम ध्यान देंगे। राष्ट्रपति जी और प्रधान मंत्री जी की सोच और उनके दिशानिर्देश हमारे कॉमन मिनिमम प्रोग्राम के दिशानिर्देश और महात्मा गांधी जी के दर्शन पर चलकर जब हमारे गांव समृद्ध होंगे, बेकारी हटेगी, गरीबी मिटेगी तो कोई बुनियादी शक्ति हिन्दुस्तान को नम्बर एक पर होने से नहीं रोक सकती है। इस तरह से तमाम माननीय सदस्यों के सहयोग से, ये जो लोग मांग कर रहे हैं, ये सब हमसे कहेंगे कि हम योजनाओं के क्रियान्वयन से पानी पिलाकर ही दम लेंगे, पानी पिलाकर ही हम छोड़ेंगे। â€¦ (व्यवधान) सब इन्तजाम हम करेंगे। इसीलिए सभी माननीय सदस्यों से हमारी प्रार्थना है कि जो हमारा बजट हैं, इसको पारित किया जाए और गांवों-गांवों में ग्राम विकास और गांव समृद्धि की ओर प्रयास किये जाएं। गरीबी और बेकारी हटाने के खिलाफ तथा इतना ही नहीं बेरोजगारी हटाने के लिए हमने 'कपार्ट' को कहा है। 10 लाख लोगों को डिमांड के मुताबिक और गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग दी जाए और एक करोड़ लोगों को विभाग के द्वारा गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग दी जाए और उनको बैंक से लिंक किया जाए। बैंकों की लोगों ने शिकायत की है। फाइनेंस मिनिस्टर से हमने लिखा-पढ़ी की है। 800 बैंकों की शाखाएं हैं, एसजीएसवाई, स्वर्ण जयन्ती ग्रामीण स्वरोजगार योजना भी है जिससे स्वरोजगार होगा।

महोदय, इससे स्वरोजगार बढ़ेगा। कामगारों को ट्रेनिंग, बैंक से ऋण और उनके द्वारा उत्पादित सामान को देश-विदेश के बाजारों में बेचने का प्रबन्ध होगा। 'ग्राम श्री मेला' कपार्ट की ओर से आयोजित किया गया। 'सरस मेला' पं0 जवाहर लाल नेहरू जी के जन्मदिवस से प्रगति मैदान में आयोजित किया गया, उसमें 4.50 करोड़ रूपए की बिक्री हुई। इसी प्रकार 'बसन्त सरस मेला' जो दिल्ली हाट में आयोजित किया गया था, उसमें एक करोड़ रूपए से अधिक की बिक्री हुई। जैसा कि कृषि मंत्री जी ने कहा है कि ग्रामीण उत्पादों के लिए मार्केटिंग की व्यवस्था की जाए तो हम मार्केटिंग की भी व्यवस्था कर रहे हैं। गांव के द्वारा उत्पादित सामान जब देश-विदेश के बाजारों में बिकेगा तो गांव के लोगों की आमदनी बढ़ेगी। महोदय, ये योजनाएं गरीबी-बेकारी हटाने, गांवों का विकास करने और समृद्धि लाने के लिए शुरू की जा रही हैं। माननीय सदस्यों के सहयोग के बिना इन योजनाओं को ठीक प्रकार से चला पाना संभव नहीं होगा। इसलिए माननीय सदस्यों का सहयोग और दिशानिर्देश आवश्यक है। हम इन योजनाओं को कार्यान्वित करना चाहते हैं ताकि गांधी और डा. लोहिया का सपना साकार हो सके।

महोदय, इन्हीं शब्दों के साथ मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूँ।

**श्री इलियास आज़मी :** महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ कि केंद्र सरकार द्वारा दिए हुए पैसे से उत्तर प्रदेश में विधायक लोग दो-दो सौ हैण्डपम्प लगाए जाने का प्रपोजल दे रहे हैं, लेकिन सांसदों के लिए ऐसी व्यवस्था नहीं है। इसलिए मेरा अनुरोध है कि मंत्री जी आज ही सदन में यह घोषणा करें कि प्रत्येक सांसद अपने क्षेत्र में एक हजार हैण्डपम्प लगाने का प्रपोजल दे सकें।

**उपाध्यक्ष महोदय :** आजमी जी, कृपया आप बैठ जाइए।

**श्री जी. वेंकटस्वामी :** महोदय, मंत्री जी के आने से इस मंत्रालय में एक नयी जान आ गयी है। एनडीए सरकार के कार्यकाल में पंचायती राज मंत्रालय की जो दुर्दशा हुई, उसे देखकर मुझे दुख होता है। यह दुख इसलिए भी होता है कि मैंने स्वयं ग्रामीण विकास मंत्री के रूप में यह विधेयक संसद में लाकर पारित करवाया था। मुझे दुख होता है कि राज्यों में आज मुख्यमंत्री लोग पूरे फण्ड को दूसरे कामों में डाइवर्ट करते जा रहे हैं।

**उपाध्यक्ष महोदय :** ठीक है, कृपया आप बैठ जाइए।

**श्री इलियास आज़मी :** मंत्री जी, आपकी नीति भी ठीक है और आपकी नीयत भी ठीक है, लेकिन आपके द्वारा जारी किए जा रहे पैसों की राज्यों में अधिकारियों, दलालों और चोरों के द्वारा जो लूट की जा रही है, आप उससे आंखें क्यों बंद कर रहे हैं? इस लूट को रोकने के लिए आपकी ओर से कोई कड़ा कदम उठाया जाना चाहिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: A number of cut motions have been moved.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Now, nothing will go on record.

*(Interruptions)* â€¦*

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Azmi, sit down, please.

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** निगरानी करने की जिम्मेदारी आप माननीय सदस्यों की भी है। आप भी अपनी इस जिम्मेदारी को पूरा कीजिए।

**श्री इलियास आज़मी :** इस तरह के भ्रष्ट अधिकारियों के विरूद्ध सांसद लोग क्या कर सकते हैं? क्या हम सीडीओ को सस्पेंड कर सकते हैं? अगर हम उसे भ्रष्टाचार करते हुए पकड़ते हैं तो हमें उसे सस्पेंड करने की शक्ति दी जानी चाहिए।

MR. DEPUTY-SPEAKER: A number of cut motions have been moved by Members to the Demands for Grants relating to the Ministry of Rural Development. Shall I put all the cut motions to the vote of the House together or does any hon. Member want any particular cut motion to be put separately?

SEVERAL HON. MEMBERS: Sir, please put them together.

---

* Not Recorded.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put all the cut motions together to the vote of the House.

*The cut motions were put and negatived.*

MR. DEPUTY-SPEAKER: I shall now put the Demands for Grants relating to the Ministry of Rural Development to vote.

The question is:

> "That the respective sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the fourth column of the order paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, to complete the sums necessary to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2006, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 79 to 81 relating to the Ministry of Rural Development."

*The motion was adopted.*

MR. DEPUTY SPEAKER : The House now stands adjourned till 11.00 a.m. tomorrow.

**21.06 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*

*on Tuesday, April 26, 2005/Vaisakha 6, 1927 (Saka).*